नव प्रदेश

www.navpradesh.com | रायपुर , बुधवार 15 सितंबर 2021, शुक्ल पक्ष-नवमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-214 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हसीन सपने देखने के मामले में मुंगेरी लाल को भी पछाड़ दिया है। कुछ समय पूर्व उन्होने 400 सीटें जीतने का दावा किया था। अब वे यूपी की योगी सरकार को कुछ माह की मेहमान बताकर खुद को भावी मुख्यमंत्री के रूप में प्रचारित कर अपने मुंह मियां मिट्ठु बन रहे है। बाहूबलियों के अवैध निर्माण पर चलाए गए बुलडोजर से आहत होकर उन्होने योगी सरकार को अपना चुनाव चिन्ह बुलडोजर रखने की सलाह दी है। इस हिसाब से तो टोटी चोर को अपना चुनाव चिन्ह टोटी रखना चाहिए।

बड़ा हादसा टला : टेकऑफ के दौरान विमान से टकराया पक्षी

केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह समेत 179 यात्री बाल-बाल बचे

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। रायपुर से दिल्ली जा रहे एयर इंडिया की फ्लाइट एआईसी 469 ए320 रायपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरते समय पक्षी टकरा गया। हालांकि इस हादसे में किसी तरह की जान-माल की हानि नहीं हुई।

दरअसल विमान के टेक ऑफ के दौरान ये घटना हुई। प्लेन के साथ पक्षी के टकराने से विमान का टेक ऑफ रोकना पड़ा। विमान में मौजूद यात्रियों के मुताबिक पक्षी के टकराते ही झटके से आवाज अंदर महसूस की गई,

यात्रियों को लगा कि प्लेन के लैंडिंग गेयर का टायर फट गया हो।

इस बीच पायलट ने खतरे को भांपते हुए फौरन एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर उन्हें बर्ड हिट की जानकारी दी। प्लेन को वापस फील्ड एरिया की तरफ लाया गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक एयर इंडिया के इंजीनियर्स ने प्लेन की जांच की।

रनवे पर प्लेन से टकराकर टुकड़े-टुकड़े में बिखरे पड़े पक्षी देखने को मिले। एयर इंडिया के स्टाफ ने सभी यात्रियों को शांत कराया। सभी को सुरक्षित प्लेन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दूसरे विमान से यात्रियों को भेजा गया दिल्ली

रायपुर एयरपोर्ट पर जिस विमान से पक्षी टकराया था उसमें करीब 179 लोग सवार थे। इसमें केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह भी शामिल थीं। वो केंद्रीय स्तर की एक बैठक में शामिल होने दिल्ली जा रही थीं। लगभग 30 मिनट के भीतर दूसरे एयरक्राफ्ट का बंदोबस्त हो पाया। पहले प्लेन से उतारे गए सभी यात्रियों को इसके बाद नई फ्लाइट से दिल्ली भेजा गया। पक्षी जिस विमान से टकराया, उसकी बारीकी से जांच की जा रही है। किसी भी चूक को दूर करने इंजीनियर्स की टीम काम कर रही है।

जोरदार बारिश से नदी-नाले उफान पर राजधानी से गरियाबंद का संपर्क टूटा

प्रदेश को जोड़ने वाले कई राष्ट्रीय राजमार्ग भी हुए बंद

रायपुर/गरियाबंद नवप्रदेश। पिछले तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से सूखाग्रस्त छत्तीसगढ़ में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। भारी बारिश से राज्य के कई नदी-नाले उफान पर हैं। लोगों के घरों में पानी घुस गया, फिर वह शहरी हो या गांव।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर कई फीट तक पानी है। नौबत यह है कि गरियाबंद को रायपुर से जोड़ने वाले मार्ग को प्रशासन ने बंद कर दिया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीकासेर बांध के 22 में से 17 गेट खोले गए

भारी बारिश के बीच प्रशासन ने सिकासेर बांध के 17 गेट खोलने का फैसला लिया। इस तरह बांध से 15 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। प्रभारी अधिकारी उत्तम सिंह ध्रुव ने बताया कि बांध के 22 गेट में से 17 गेट को खोल दिया गया, अब 15 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। वेस्ट वियर से भी पानी छोड़ा जा रहा है।

बांध में लगे बिजली उत्पादन यूनिट भी चालू कर दिया गया है। इसका पानी सीधे पैरी नदी में जाता है। गरियाबन्द मुख्यालय में जेल रोड, महाविद्यालय, मजरकटा, पैरी कालोनी, कोकड़ी आमदी के इलाके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारी बारिश से जिले में जनजीवन प्रभावित

गरियाबंद । जिले में लगातार तीन दिन से हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। बीती रात और मंगलवार सुबह हुई तेज बारिश से जिले के सबसे बड़ी पैरी नदी और अंचल की छोटे नदी नाले उफान पर है। सुबह तक गरियाबंद तहसील में ही 197.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। वही राजिम में 112.6 और छूरा में 137.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में आज 107.1 मिलीमीटर औसत वर्षा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर में ही 504 एमएम पानी बरसा

सोमवार से मंगलवार सुबह तक यानि 24 घंटे में रायपुर में भी बरसात का रिकॉर्ड टूटा है। जिले में औसतन 504.4 मिमी बरसात दर्ज हुई है। इसमें गोबरा नवापारा तहसील में सबसे अधिक 130.3 मिमी पानी बरसा है। रायपुर में 92.3, आरंग में 82, अभनपुर में 80, खरोरा में 61.5 और तिल्दा में सबसे कम 58.3 मिमी पानी गिरा है। इसकी वजह से अब तक की वर्षा का कोटा लगभग पूरा हो गया है। रायपुर तहसील में सामान्य से 104 प्रतिशत, गोबरा नवापारा में 138 प्रतिशत, खरोरा का 98 प्रतिशत और अभनपुर में बरसात का प्रतिशत 95 तक हो गया है। सूखे से सबसे अधिक प्रभावित चार तहसीलों में शुमार आरंग में अब जाकर 50 प्रतिशत बरसात का निशान छुआ है। वहीं तिल्दा में 81 प्रतिशत बरसात हो चुकी।

एक-दो दिन में होगा भूपेंद्र पटेल कैबिनेट का विस्तार

- सीएम की रेस में शामिल रहे नितिन पटेल को मिल सकती है जगह!

अहमदाबाद (ए.)। गुजरात के नए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल गुजरात के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ले चुके हैं। अब अगले दो दिनों में यहां पर नए मंत्रियों का नाम तय होना है। इस बात की पूरी संभावना है कि डिप्टी सीएम नितिन पटेल समेत कई पुराने मंत्री नए सीएम के साथ भी बने रहेंगे। बता दें कि भूपेंद्र सिंह चुडास्मा, आरसी फाल्दू और कौशिक पटेल विजय रूपाणी के मंत्रिमंडल में मौजूद थे। अगले साल चुनाव को देखते हुए पार्टी खासतौर पर नितिन पटेल की नाराजगी मोल नहीं लेनी चाहेगी।

बुधवार या गुरुवार को हो सकता है शपथग्रहण

गुजरात के नए मंत्रिमंडल में वरिष्ठ नेताओं को समायोजित करने की पूरी कोशिश है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी सोमवार रात प्रदेश छोड़ने से पहले नितिन पटेल और सीआर पाटिल से मुलाकात की थी। उम्मीद जताई जा रही है कि इस दौरान कैबिनेट विस्तार पर भी चर्चा हुई होगी। इससे पहले सोमवार को अकेले ही मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इससे पहले गुजरात में विधानसभा चुनाव के एक साल पहले विजय रूपाणी से इस्तीफा ले लिया गया था।

नितिन पटेल की नाराजगी नहीं चाहेगी पार्टी

कहा जा रहा है कि सिर्फ एक बार के विधायक भूपेंद्र पटेल के मुख्यमंत्री बनने के बाद गुजरात भाजपा में अंदरखाने काफी नाराजगी है। हालांकि अगले साल चुनाव को देखते हुए पार्टी यहां पर किसी भी तरह के जोखिम से बचना चाहती है। ऐसे में वह पुराने मंत्रियों को खुश रखने की पूरी कोशिश कर रही है। पार्टी की बड़ी चिंता नितिन पटेल भी हैं, जो इशारों-इशारों में सीएम की पोस्ट न मिलने की नाखुशी जाहिर कर चुके हैं। चूंकि नितिन पटेल भी पाटीदार समुदाय से आते हैं, ऐसे में पार्टी नहीं चाहती कि नितिन पटेल के मन में किसी तरह की नाराजगी रहे।

खास-खबर

मधुमक्खियों के हमले से युवक की मौत

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में मधुमक्खियों के काटने से एक युवक की मौत हो गई। ग्राम कुटवा निवासी सिलमानुष लकड़ा (28 साल) अपने मामा और अन्य ग्रामीणों के साथ उदलकछार के जंगल में लकड़ी काटने के लिए गया था। युवक एक पेड़ में चढ़कर लकड़ी काट रहा था। ग्रामीण जिस पेड़ पर चढ़ा था, उसके बगल वाले पेड़ पर मधुमक्खियों का छत्ता था। पेड़ काटने के दौरान मधुमक्खियां भड़क गई और हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए ग्रामीण कुछ दूर जाकर छिप गए, लेकिन सिलमानुष पेड़ में ही चढ़ा हुआ था। हमले से बचने के लिए वह पेड़ से नीचे उतर रहा था, तभी बैलेंस बिगड़ने की वजह से जमीन पर गिर गया। उसके गिरते ही सैकड़ों मधुमक्खियां उस पर टूट पड़ीं। वहां मौजूद परिजन ने किसी तरह उसे बचाया और अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

अमरावती की वर्धा नदी में नाव पलटी

एक ही परिवार के 11 डूबे

- बच्ची सहित 3 के शव मिले

मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र के अमरावती जिले की वर्धा नदी में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हुआ। यहां एक नाव पलटने पर एक ही परिवार के 11 लोग नदी में डूब गए। इनमें से एक बच्ची सहित 3 शव बरामद किए जा चुके हैं। 8 अभी लापता हैं। पुलिस और प्रशासन बचाव कार्य में लगे हैं। पुलिस के मुताबिक हादसा अमरावती के हतराना गांव में सुबह करीब 10.30 बजे हुआ। यह परिवार दशाकर्म अनुष्ठान करने नदी किनारे गया था इस दौरान ही नाव पलट गई। नाव 11 लोगों का वजन नहीं उठा पाई और पलट गई। हादसे के बाद स्थानीय विधायक देवेंद्र भुयार मौके पर पहुंच गए।

बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली का बड़ा खुलासा

'भारतीय दीवार' द्रविड़ होंगे टीम इंडिया के नए कोच!

नई दिल्ली। टी-20 वर्ल्ड कप के बाद भारतीय क्रिकेट टीम में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। रवि शास्त्री की जगह राहुल द्रविड़ को टीम इंडिया का हेड कोच बनाया जा सकता है। इस बात के संकेत खुद बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने अपने एक बयान के जरिए दिए।

टी-20 वर्ल्ड कप के बाद खत्म होगा शास्त्री का कॉन्ट्रैक्ट: हेड कोच रवि शास्त्री का कॉन्ट्रैक्ट टी-20 वर्ल्ड कप के

बाद खत्म हो जाएगा। रिपोर्ट्स की मानें तो शास्त्री भी आगे कॉन्ट्रैक्ट जारी नहीं रखना चाहते हैं। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा था कि एनसीए के डायरेक्टर राहुल द्रविड़ को टीम का नया हेड कोच बनाया जा सकता है।

दादा ने दिया नए कोच को लेकर बयान

द टेलीग्राफ से बात करते हुए सौरव गांगुली ने कहा कि उन्होंने कोच पद को लेकर अभी राहुल द्रविड़ से कोई बात नहीं की है। गांगुली ने कहा- मैं समझता हूं कि उन्हें (राहुल द्रविड़) को परमानेंट तौर पर काम करने (कोच पद के लिए) कोई दिलचस्पी नहीं है। हालांकि, हमने भी कभी इसके बारे में उनसे कोई बात नहीं की है।

अलीगढ़ में पीएम मोदी ने सुनाया बचपन का किस्सा

- हमारे गांव में मुस्लिम महाशय अलीगढ़ का ताला बेचने आते थे, मेरे पिताजी से उनकी बहुत अच्छी बनती थी

अलीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अलीगढ़ पहुंचे। प्रधानमंत्री ने यहां डिफेंस कॉरिडोर नोड और राजा महेंद्र प्रताप सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी की नींव रखी। दौरा यूनिवर्सिटी और डिफेंस से जुड़ा था, लेकिन विधानसभा चुनावों की आहट भी तो थी ही। अपने सिग्नेचर स्टाइल में मोदी ने भी एक किस्सा

सुनाया। मोदी ने अलीगढ़ के तालों और मुस्लिमों का लिंक अपने गांव से जोड़ा। उन्होंने कहा- हमारे गांव में एक मुस्लिम महाशय ताला बेचने आते थे और उनकी मेरे पिताजी से बहुत अच्छी बनती थी।

बचपन की कहानी : अपनी स्पीच के दौरान मोदी ने कहा, ÷आज बचपन की बात करने का मन कर रहा है। लोग अपने घर की या दुकान की सुरक्षा के लिए अलीगढ़ के भरोसे रहते थे, क्योंकि अलीगढ़ का ताला लगा होता था तो लोग निश्चिंत हो जाते थे। करीब 55-60 साल पुरानी बात है। अलीगढ़ से ताले के एक सेल्समैन थे। एक मुस्लिम मेहरबान थे। वह हर तीन महीने में हमारे गांव आते थे। वह काली जैकेट पहनते थे।

मुस्लिम महाशय सेल्समैन होने के नाते अपना ताला व्यापारियों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसान महापंचायत ▶ भगत सिंह की 125वीं जयंती और मजदूर नेता की शहादत दिवस पर होगी महापंचायत

छग की धरती पर राष्ट्रव्यापी किसान आंदोलन के नेताओं का सीएम ने किया स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। मंगलवार को उताई के लिए रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा के दौरान सीएम भूपेश बघेल ने 28 सितंबर को राजिम में प्रस्तावित किसान महापंचायत का समर्थन किया है। उन्होंने कहा- छत्तीसगढ़ की धरती पर राष्ट्रव्यापी किसान आंदोलन के नेताओं का स्वागत है। अगर वे लोग समर्थन मांगते हैं तो निश्चित रूप से समर्थन दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में जो आंदोलन चल रहा था, उसको सबसे पहले हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने शुरू किया।



पंजाब और हरियाणा में उन्होंने ट्रैक्टर से यात्राएं की। प्रियंका गांधी ने भी लगातार उत्तर प्रदेश और राजस्थान में किसान महापंचायत की। किसान लगातार आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने देशव्यापी आंदोलन खड़ा किया है। किसान नेता छत्तीसगढ़ में आ रहे हैं तो उनका स्वागत है। मुख्यमंत्री दुर्ग के उतई में रवाना होने से पहले रायपुर में मीडिया से बात कर रहे थे। बता दें कि तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली के सिंघु और गाजीपुर बार्डर पर बीते कई महीनों से आंदोलित हैं और तीनों कृषि कानूनों के वापस लिए जाने की मांग कर रहे हैं। धीरे-धीरे यह आंदोलन पूरे देश में फैल रहा। पूर्व में छत्तीसगढ़ के किसान संगठनों ने इन आंदोलन में हिस्सा लिया था। दिल्ली, हरियाणा व पंजाब में जारी आंदोलन के बाद अब छत्तीसगढ़ में राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रुप रेखा तैयार की गई है। बीते महीने जब छत्तीसगढ़ के किसान दिल्ली पहुंचे थे, तभी से प्रदेश में राष्ट्रव्यापी कृषि महापंचायत की तैयार कर ली गई थी। इसके लिए आंदोलन का नेतृत्व कर रहे राकेश टिकैत व योगेंद्र यादव से लंबी चर्चा हुई थी।

भीड़ जुटाने की तैयारी, इनके शहीद दिवस पर होगी महापंचायत

छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ ने भगत सिंह की 125वीं जयंती और मजदूर नेता शंकर गुहा नियोगी की शहादत दिवस पर 28 सितम्बर को किसान महापंचायत का आयोजन किया है। इसमें दिल्ली की सीमाओं पर किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे नेताओं में से राकेश टिकैत, डॉ. दर्शनपाल सिंह, योगेंद्र यादव, मेधा पाटकर और डॉ. सुनीलम जैसे किसान नेताओं को बुलाया है। किसान नेता जागेश्वर जुगनू चंद्राकर ने बताया था, किसान महापंचायत के लिए सभी सहयोगी संगठन जोर लगा रहे हैं। उन लोगों ने अभी तक आसपास के 100 से अधिक गांवों में बैठक कर ली है। किसान नेताओं का कहना है, इस महापंचायत में 10 हजार से अधिक किसानों की भीड़ जुट सकती है।

आयोजकों ने बैठक कर तय की रणनीति

किसान महापंचायत के आयोजक मंडल में शामिल तेजराम विद्रोही, गौतम बंद्योपाध्याय, पारसनाथ चंद्राकर, जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, शत्रुघ्न साहू जैसे नेताओं ने सोमवार को रायपुर में बैठक की। इस दौरान पंचायत के आयोजन से जुड़ी रणनीति पर चर्चा हुई। किसान नेताओं ने बताया, राजिम मंडी परिसर में तैयारी शुरू कर दिया गया है।

दो ट्रेंड आतंकियों सहित 6 लोग गिरफ्तार

- पाक समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी कामयाबी,

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पाक प्रशिक्षित दो आतंकवादियों सहित कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। स्पेशल सेल के डीसीपी प्रमोद कुशवाहा ने मंगलवार को बताया कि स्पेशल सेल ने कई राज्यों में चले इस ऑपरेशन में विस्फोटक और हथियार बरामद किए गए हैं।

इन सभी छह लोगों को दिल्ली, यूपी और महाराष्ट्र से पकड़ा गया है। गिरफ्तार आतंकियों की शिनाख्त ओसामा और जीशान के रूप में हुई है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि इन दोनों आतंकियों की ट्रेनिंग पाकिस्तान में हुई थी। इन आतंकियों के अंडरवर्ल्ड से भी संबंध बताए जा रहे हैं।

न्यूज गैलरी

भाजपा किसान मोर्चा ने दिया धरना

दुर्ग। भाजपा किसान मोर्चा जिला द्वारा किसान मोर्चा द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में किसानों के साथ हो रहे अत्याचार और लगातार बिजली कटौती और बिजली दर में बढ़ोतरी के संबंध में राज्यपाल के नाम 6 बिंदुओ पर ज्ञापन सौंपा। जिसमे जिलाध्यक्ष शिवकुमार तमेर, उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर, रत्नेश चंद्राकर, गजेंद्र यादव, दिनेश पटेल, जिला महामंत्री ललित चंद्राकार, जिला उपाध्यक्ष संतोष सोनी, जिला मंत्री दिनेश देवांगन, मनोज मिश्रा, नीरज पांडे, विनायक ताम्रकार, थानूराम साहू, माधव देशमुख, देवनारायण चंद्राकर, नितेश साहू, जितेंद्र राजपूत, अभिषेक टंडन, गौरव शर्मा, राहुल दीवान, मंच संचालन आनंद गौतम ने किया।

नोटिस का जवाब नहीं, चलाया जेसीबी

दुर्ग। आयुक्त हरेश मंडावी के दिशा निर्देश पर बिना अनुमति के निर्माण कार्य करवाने के खिलाफ निगम ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। भवन अधिकारी ने बताया कि निगम कार्यालय में शिकायत मिली कि वार्ड 59 सिगरेट फैक्ट्री के सामने साकेत कालोनी, कातुलबोर्ड निवासी शिशिर देवांगन के द्वारा बिना अनुमति के अवैध रूप से नाली के ऊपर पर बाउंड्रीवाल और सड़क क्षेत्र में शोलोप का निर्माण कार्य किया जा रहा है। शिकायत सही पाई गई।

भिलाई के 15 केंद्रों में लगेगा वैक्सीन

भिलाई। 18 प्लस एवं 45 प्लस उम्र समूह के लोगों को कोविशिल्ड का प्रथम एवं द्वितीय डोज का वैक्सीन 15 सितंबर को लगाया जाएगा। निगमायुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर नोडल अधिकारी सुनील अग्रहरि ने इसके लिए 15 सेंटर निर्धारित किए हैं। शेड्यूल के मुताबिक वार्ड-1 पीएचसी खम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जुनवानी, वार्ड-2 आरोग्य निकेतन स्मृति नगर, वार्ड-9 पीएचसी मंगलबाजार कोहका सामुदायिक भवन, वार्ड 12 शिवमंदिर कांजी हाउस में केवल द्वितीय डोज लगाया जाएगा।

समाज रत्न दाऊ उत्तम साव पुण्य स्मरण समारोह में पहुंचे सीएम बघेल

4 करोड़ की लागत से मोरिद टैंक का जीर्णोद्धार, 2 करोड़ की लागत से बनेगा पालिका बाजार

दुर्ग/ नवप्रदेश। उतई में आज समाज रत्न दाऊ उत्तम साव पुण्य स्मरण समारोह कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए बड़ी घोषणाएं कीं। इनमें मोरिद टैंक के जीर्णोद्धार की बड़ी घोषणा शामिल है। 4 करोड़ की लागत से होने वाले इस जीर्णोद्धार कार्य से अब 240 हेक्टेयर खेतों तक पानी पहुँच पाएगा। साथ ही टैंक के जीर्णोद्धार से पेयजल आपूर्ति की क्षमता में भी विस्तार होगा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर देने उतई के अस्पताल में क्षमता विस्तार किया जाएगा। इसमें 10 बेड आक्सीजन बेड होंगे। उतई नगर में 2 करोड़ की लागत से पालिका बाजार बनेगा। इसके बनने से नागरिकों एवं व्यवसायियों को सुविधा हो सकेगी। नगर के पुराने शीतला तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण भी होगा, इसके लिए भी 75 लाख देने की घोषणा मुख्यमंत्री ने की। इसके साथ ही जिला साहू समाज के भवन के लिए 40 लाख एवं 3 एकड़ जमीन देने की घोषणा भी मुख्यमंत्री ने की। उतई में भी स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की सुविधा होगी। गृह एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने साहू समाज के विभूतियों का पुण्य स्मरण किया तथा कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किया गया निवेश सबसे ज्यादा प्रभावी होता है। यही कारण है कि पाटन में हमारे पूर्वजों ने शिक्षा के प्रसार के लिए इतनी बड़ी संख्या में स्कूल खोले। साहू समाज जिस तरह से आगे बढ़ रहा है उसके पीछे समाज की शिक्षा को बढ़ावा देने की प्रखर सोच है। यह बात मुख्यमंत्री बघेल ने उतई में आयोजित समाज रत्न दाऊ उत्तम साव पुण्य स्मरण समारोह में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य किसी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए दो सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है। साहू समाज ने शिक्षा के क्षेत्र में अहम कार्य किया है। हमारी सरकार की सोच है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ सबको मिल सके। इसके लिए हमने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल और स्वामी आत्मानंद हिंदी स्कूल के माध्यम से शिक्षा की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। हमारे बच्चे प्रतिभाशाली होने के बावजूद केवल अंग्रेजी में कमतरी की वजह से पीछे रह जाते थे।

नागरिकों से जुड़े मूलभूत समस्याओं के सामधान पर रहेगा विशेष फोकस

भिलाई निगम के नए कमिश्नर सर्वे ने लिया चार्ज

भिलाई/नवप्रदेश। निगम के नये आयुक्त प्रकाश सर्वे ने शासन के आदेश के परिपालन में आज चार्ज ले लिया है। तत्कालीन आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे को आज प्रातः कार्यालयीन समय में कार्यभार सौंपा। निगम आयुक्त सर्वे इससे पूर्व रिसाली निगम एवं रायगढ़ सहित अन्य जगहों पर पदस्थ रहे है। वे अपनी कार्यकुशलता के लिये जाने जाते है। निगम के सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने नवनियुक्त आयुक्त का गुलदस्ते से स्वागत किया, कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने भी आयुक्त का स्वागत किया। आयुक्त श्री सर्वे ने अधिकारी, कर्मचारियों से उनका परिचय प्राप्त किया। आयुक्त ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्य और नागरिको की मुलभूत समस्याओं का निराकरण उनकी प्राथमिकता होगी। लोगों को निगम की ओर से प्रदाय की जाने वाली सेवा पर विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने निगम मुख्यालय के सभी विभागों का निरीक्षण किया। कर्मचारियों के द्वारा किये जाने वाले कार्यो की जानकारी लीए इस दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि लोक सेवा गारंटी, आधार कार्ड, सूचना का अधिकार, जन्म मृत्यु जैसे सीधे आमजन से संपर्क होने वाले शाखाओं के सामने इससे संबंधित बोर्ड जिसमें योजना से संबंधित सारी आवश्यक जानकारी प्रदर्शित हो लगवाये ताकि लोगों को जानकारी के अभाव में अनावश्यक भटकना न पड़े। इस दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता यूके धूलेन्द्र, प्रभारी अधीक्षण अभियंता बीके देवांगन, उपायुक्त सुनील अग्रहरि एवं नरेन्द्र बंजारे, जोन आयुक्त मनीष गायकवाड, पूजा पिल्ले, प्रीति सिंह एवं अमिताभ शर्मा, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांश देशमुख, कर्मचारी संघ पदाधिकारी संजय शर्मा सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

अपने ऊफान पर आया शिवनाथ नदी

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले समेत अन्य जिलों में पिछ्ले एक. दो दिनों से हो रही बारिश से शिवनाथ नदी अपने पूरे उफान पर आ गया है। जिससे शिवनाथ नदी के पानी ने महमरा एनीकेट को अपने आगोश में ले लिया है। महमरा एनीकेट से करीब 1 से 2 फीट ऊपर पानी चल रहा है। शिवनाथ नदी का यह उफान मारता पानी कई लोगों के लिए दर्शनीय बना है। जबकि यही पानी शिवनाथ के तटीय इलाके के लोगो के लिए मुसीबत का सबब भी बन सकता है। लिहाजा जिला प्रशासन द्वारा तटीय इलाके के लोगों को सर्तक रहने की हिदायत दी गई है। बारिश से तांदुला जलाशय, खरखरा जलाशय, खपरी जलाशय और मरोदा जलाशय के जलभराव में सुधार आया है। मौसम विभाग ने आगे भी अच्छी बारिश होने की उम्मीद जताई है। जिससे जलाशयों में जलभराव की स्थिति बेहत्तर होने की संभवानाएं जताई जा रही है।

सर्व सुविधायुक्त बनेगा खेल मैदान लाइट से होगा रौशन

भिलाई/नवप्रदेश। सेक्टर 6 के खाली मैदान का जल्द ही सौदर्यीकरण किया जाएगा। करीब 40.50 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए विधायक देवेंद्र यादव ने पहल की है। टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है अब जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इस खाली मैदान में चैन लिंक फेंसिंग द्वारा मैदान का घेराव का कार्य किया जाएगा। इसके बाद घास युक्त खेल मैदान निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके लिए विशेष घास मैदान में लगाया जाएगा। लाइट व्यवस्था भी की जाएगी। क्षेत्र वासियों की मांग पर भिलाई नगर विधायक ने पहल की और शासन को प्रस्ताव भेजा था। जिसपर शासन ने स्वीकृति दे दी है। शासन से स्वीकृति मिलते ही विधायक यादव ने निगम के अधिकारियों को जल्द से जल्द टेंडर आदि विभागीय प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिए थे। निर्देश के तहत सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है अब निर्माण कार्य जल्द शुरू करने का निर्देश दिए हैं। सेक्टर 6 का यह मैदान लंबे समय से खाली पड़ा हुआ है। जहां असामाजिक तत्वों का डेरा लगा रहता है रात में कई असामाजिक तत्व या नशाखोरी जैसे गलत भी करते रहते है। लोगों को इस वजह से काफी परेशानी होती है। खाली मैदान में रात में अंधेरा पसरा रहता है। यहाँ लाइट की कोई सुविधा नहीं है। लोगों की शिकायत पर विधायक सेक्टर की इस खाली मैदान को सुंदर और सुविधा युक्त खेल मैदान बनाया जाएगा। एक गार्डन, ऑक्सीजन जोन की तरह डेवलप किया जाएगा। ताकि लोग यहाँ सुबह शाम सैर, योग करने व टहलने के लिए आ सके। बच्चो के खेलने के लिए सुंदर व्यवस्थित गास युक्त खेल मैदान तैयार किया जाएगा। जहाँ रात में पर्याप्त लाइट की सुविधा रहेगी। रंगबिरंगी लाइट यहाँ लगवाई जाएगा। जो लोगों के आकर्षण का केंद्र होगा। यहाँ खाली मैदान को खेल मैदान बनाने विशेष तरह के घास लगाए जाएंगे। जिससे क्षेत्र के नागरिकों के साथ युवाओ और बच्चों के खेल की भी बेहतर सुविधा होगी। सेक्टर 6 का यह मैदान पूरी तरह से तैयार होने के बाद यहाँ का सबसे आकर्षक और जरूरत को पूरा करने वाला मैदान होगा।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रशांत कुमार साहू पिता स्व. डोरीलाल निवासी ग्राम सुभाष नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 768/473 रकबा 0.0190 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार डोरीलाल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ध्रुव कुमार सोनी पिता स्व. रामप्रसाद निवासी ग्राम गंजपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 209/1 रकबा 0.012 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार बुई बाई पति स्व. रामप्रसाद की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका जसप्रीत शर्मा पति सचिन शर्मा निवासी ग्राम कादम्बरी नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 247/51 रकबा 1000 वर्गफीट भूमि को विक्रेता विजय कुमार जैन पिता कस्तुरचंद जैन निवासी ग्राम वैशालीनगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 25.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेश साहू पिता सेतराम निवासी ग्राम नयापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 692/23 रकबा 0.0100 हे. भूमि को दानदाता सेतराम पिता स्व. जीवराखन साहू निवासी ग्राम नयापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 28.08.2021 को दान में प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सनत कुमार देशमुख वगै. पिता मनोहर लाल देशमुख निवासी ग्राम भेडसर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 246/55 रकबा 0.0290 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि का सभी खातेदारों के मध्य रजिस्टर्ड बंटवारानामा दिनांक 23.08.2021 को किया गया है। उक्त रजिस्टर्ड बंटवारानामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शिल्पा श्रीवास्तव पति योगेश कुमार श्रीवास्तव निवासी ग्राम प्रेमनगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1331/26 रकबा 0.014 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिक भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता मनोरमा श्रीवास्तव के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 06.03.2013 पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती आशा चौधरी पति विनोद चौधरी निवासी ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 96/3 रकबा 0.016 हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती शकुंतला तिवारी पति गुरुप्रसाद तिवारी निवासी ग्राम सेक्टर-01 भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 28.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका अनुसुइया साहू वगै. आ./पति स्व. अनंतराम साहू साकिन रवेलीडीह द्वारा ग्राम रवेलीडीह प.ह.न. 15 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 24, 101, 170, 179 रकबा कुल. 1.030 हे. को रजिस्टर्ड हकत्याग के माध्यम से विक्रेता पांचोबाई आ./पति स्व. दशरथ व अन्य से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.09.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पुरुषोत्तम साहू व अन्य 01 पिता स्व. धिराजराम साहू निवासी वार्ड नं. 56 बघेरा दुर्ग मौजा बघेरा प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 318/3 रकबा 1508 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार किशोर कुमार पाटिल पिता सूर्यकांत पाटिल से दिनांक 27.08.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 22.09.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री श्यामलाल आ. गोविंद कुर्मी साकिन भेडसर द्वारा ग्राम भेडसर प.ह.न. 10 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1339 रकबा 0.420 हे. जो वर्तमान में रकबा 0.25 हे. दर्ज हो गया है। को सुधार किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को पूर्व अभिलेख के अनुसार सुधार किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 28.09.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेश कुमार प्रसाद पिता स्व. ओ.एस. प्रसाद निवासी म.न. 551/17 स्ट्रीट नं. 1 कादम्बरी नगर दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 250/21 रकबा 0.023 हे. मिथलेश देवी के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 19.07.2021 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 22.09.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेश कुमार प्रसाद पिता स्व. ओ.एस. प्रसाद निवासी म.न. 551/17 स्ट्रीट नं. 1 कादम्बरी नगर दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 252/23 रकबा 0.022 हे. ओव्हरसियर प्रसाद के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 06.04.2021 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 22.09.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पवन कुमार पाटिल पिता तेजराम पाटिल अन्य 02 निवासी रामनगर सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 36/42 रकबा 0.011 हे. भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार सेमी गुलेच्छा पिता अमित कुमार गुलेच्छा से दिनांक 01.09.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 25.09.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शेखर निर्मलकर पिता खंडुराम निर्मलकर निवासी म.न. 260 वार्ड 27 पाटनकर कालोनी पोलसायपारा दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 276/2 रकबा 0.0510 हे. भूमि को आम मुख्तयार गणेशराम देवांगन पिता स्व. सुनहर राम देवांगन से दिनांक 13.08.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 28.09.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्राण कुमारी पिता स्व. भुखऊ साहू निवासी वार्ड 04 गली नं. 06 गयानगर दुर्ग मौजा बघेरा प.ह.नं. 17/7 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर रकबा 0.4400 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार पुरन साहू पिता स्व. भुखऊ साहू से दिनांक 02.09.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 28.09.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नीमा निर्मलकर पति नीलकंठ निर्मलकर निवासी वार्ड 56 बघेरा दुर्ग मौजा बघेरा प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग-02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 261/39 रकबा 0.0090 हे. भूमि को विक्रेता मिली तिवारी पति मनोज कुमार तिवारी से दिनांक 05.08.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 28.09.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका कुमारी पाण्डेय पति धनजंय पाण्डेय साकिन उतई के द्वारा ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 41 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 928/3 रकबा 0.013 हे. भूमि प्रीति वर्मा पति महेन्द्र वर्मा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 28.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 29.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 13.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
मा.क्रं. 202109100900005
विषयः अ-27 वर्ष 2020-21
खुडमुडा प.ह.न.00005 हे.)
पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- विनय
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम अमलेश्वर खुडमुडा प.ह.न. 05 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदकगण श्री मनोज कुमार सोनकर पिता स्व. बरसातु अन्य 05 निवासी ग्राम खुडमुडा तह. पाटन के द्वारा मौजा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 05 तहसील पाटन स्थित स्थित संयुक्त खाते की भूमि 840 रकबा 1.30 हे. एवं ग्राम खुड़मुड़ा प.ह.न. 05 स्थित संयुक्त खाते की भूमि खसरा नं. 725 रकबा 0.27 हे. भूमि का कास्त कब्जा के आधार पर आवेदकगण खाता विभाजन किए जाने प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदकगण मनोज कुमार सोनकर पिता स्व. बरसातु अन्य 05 द्वारा खाता विभाजन से उपरोक्त दर्शिता भूमि खाता विभाजन किए जाने कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 04.10.2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.09.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
मा.क्रं. 202109100900006
विषयः अ-6 वर्ष 2020-21
खुडमुडा प.ह.न.00005 हे.)
पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- विनय
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम खुडमुडा प.ह.न. 05 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री विनय पिता स्व. मोहन साहू निवासी खुडमुडा तह. पाटन के द्वारा ग्राम खुडमुड़ा प.ह.न. 05 तहसील पाटन स्थित अपने दादा भुनेश्वर द्वारा क्रयशुदा भूमि पुराना खसरा नं. 61 का टु. रकबा 0.200 का टु. 446 का टु. रकबा क्रमशः 0.77, 0.03, 0.33 हे. का नया ख.नं. 137, 353, 836 रकबा क्रमशः 0.77, 0.03, 0.33 हे. को पंजीकृत बैनामा दिनांक 27.03.1951 से क्रय आधार पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक श्री विनय पिता स्व. मोहन साहू द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त दर्शिता भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 04.10.2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.09.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
व्यक्तिगत सूचना
रा.प्र.क्र./595/अ-6/वर्ष 2020-21
ऑन.पं. 202108101000193

प्रति,
श्रीमती सरोज पटेल पति भैय्यालाल पटेल, निवासी कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड भिलाई तह. व जिला दुर्ग
पक्षकार- होरीलाल साहू पिता होमनाथ साहू, निवासी ग्राम मतवारी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग
अनावेदक- श्रीमती सरोज पटेल पति भैय्यालाल पटेल, निवासी कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड भिलाई तह. व जिला दुर्ग

आपको सूचित किया जाता हैं कि आवेदक होरीलाल साहू पिता होमनाथ साहू निवासी ग्राम मतवारी दुर्ग द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 19 अ रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1444/13 रकबा 0.010 हे. 1200 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता श्रीमती सरोज पटेल पति भैय्यालाल पटेल निवासी कैलाश नगर भिलाई से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में आपको किसी प्रकार के दावा करना हो तो स्वयं या आपके द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से पेशी दिनांक 21.09.2021 को दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.09.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

हिन्दी भाषा में सहजता, सुगमता, अपनत्व का भाव है: डॉ महंत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने हिन्दी दिवस के अवसर पर देशवासियों को दी बधाई। डॉ

महंत ने कहा की, किसी भी भाषा को राष्ट्रभाषा बनने के लिए उसमें सहजता और सुगमता का होना आवश्यक है जो कि हिन्दी भाषा में है। भारत की एकता में अनेकता हिंदी भाषा की ही देन है। 1949 को भारत की संवैधानिक सभा में राष्ट्रीय भाषा हिन्दी को देवनागरी लिपि में लिखा गया और हिन्दी को भारत गणराज्य की अधिकारिक भाषा भी घोषित किया गया। हिन्दी भाषा को भारत की अधिकारिक भाषा के रूप में इस्तेमाल करने का फैसला भारत के संविधान में 26 जनवरी, 1950 से प्रभाव में आया है। भारतीय संविधान के मुताबिक, देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी भाषा को पहले भारत की आधिकारिक भाषा के रुप में अनुच्छेद 343 के तहत अपनाया गया, जिसके बाद हिन्दी भाषा जनसंचार का माध्यम बनती चली गई और इसका महत्व बढ़ता चला गया है।

आरडीए के नए सीईओ ऋतुराज रघुवंशी ने कार्यभार संभाला

रायपुर। राज्य शासन व्दारा रायपुर विकास प्राधिकरण में नियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने मंगलवार को डॉ. अय्याज तांबोली से मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया। श्री रघुवंशी भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच के अधिकारी है। वे इसके पहले नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त और महासमुन्द में जिला पंचायत के सीईओ रह चुके हैं।

5 जोड़ी ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। यात्रियों को सुविधा देने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा दी जा रही है, जिससे अधिकाधिक यात्री लाभान्वित हो सके। रेल मंडल कार्यालय रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार जिन ट्रेनों में यह सुविधा दी जा रही है उनमें क्रमशः गाड़ी संख्या 08215/08216 दुर्ग-ऊधमपुर-दुर्ग स्पेशल गाड़ी में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 29 सितम्बर एवं 06 अक्टूबर को तथा ऊधमपुर से 30 सितम्बर एवं 07 अक्टूबर को उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 08203/08204 दुर्ग-कानपुर-दुर्ग स्पेशल गाड़ी में एक अतिरिक्त एसी-2 कोच की सुविधा दुर्ग से 14 सितम्बर 2021 को तथा कानपुर से 15 सितम्बर को उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 08213/08214 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग स्पेशल गाड़ी में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 03 अक्टूबर को तथा अजमेर से 04 अक्टूबर को उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 02647/02648 कोरबा-कोचुवेली-कोरबा स्पेशल गाड़ी में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा कोरबा से 15 व 18 सितम्बर को तथा कोचुवेली से 20 व 23 सितम्बर को उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 05160 दुर्ग-छपरा स्पेशल गाड़ी में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 14 सितम्बर को दी जा रही हैं।

नवा रायपुर में विश्वस्तरीय बैडमिंटन एकेडमी का हुआ शुभारंभ

खेल अकादमियों के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में बनेगा खेलों के लिए अच्छा वातावरण: सीएम बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त एवं बेहतरीन कोचों के साथ टाटा ट्रस्ट व आईटीएम यूनिवर्सिटी द्वारा स्थापित ''द रायपुर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन बैडमिंटन'' एकेडमी का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। छग के सीएम भूपेश बघेल ने इस एकेडमी का उद्घाटन करते हुए कहा कि

छग में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। अच्छी खेल सुविधाएं, कोच और प्रशिक्षण की सुविधा मिलने से छग में भी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे। प्रदेश के खिलाड़ियों ने अनेक अवसरों पर राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं में अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश-प्रदेश का नाम रौशन किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने की। कृषि एवं जलसंसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे इस अवसर पर उपस्थित थे।

टाटा ट्रस्ट व आईटीएम यूनिवर्सिटी ने स्थापित की एकेडमी : आईटीएम प्रबंधन द्वारा मुंबई में ओलंपियन पीवी सिंधु के सम्मान के लिए आयोजित समारोह में छग की राजधानी रायपुर और बड़ौदा में विश्वस्तरीय बैडमिंटन अकादमियों के निर्माण की घोषणा की गई थी, जिसके तहत आज रायपुर में अकादमी का शुभारंभ हुआ। ''द रायपुर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन बैडमिंटन'' नाम से प्रारंभ हुई इस अकादमी की स्थापना के लिए टाटा ट्रस्ट द्वारा शत् प्रतिशत फंडिंग की गई है। यह मध्य भारत की नवीनतम और सबसे अच्छी बैडमिंटन अकादमी है। आईटीएम यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा अकादमी के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने के साथ परिचालन लागत वहन की जाएगी। अकादमी के संचालन में भी यूनिवर्सिटी प्रबंधन

द्वारा सहयोग दिया जाएगा।

8 बैडमिंटन कोर्ट की सुविधा : अकादमी में विश्वस्तरीय 8 बैडमिंटन कोर्ट बनाए गए हैं तथा 300 से अधिक दर्शकों की बैठने की व्यवस्था की गई है। खिलाड़ियों और कोच के लिए हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। खिलाड़ियों के लिए डायटिशियन, फिजियोथेरेपिस्ट और काउंसलर की सुविधाएं भी अकादमी में उपलब्ध है।

प्रदेश में खेलों के लिए बनेगा अच्छा वातावरण : मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल अकादमियां प्रारंभ होने से प्रदेश में खेलों के लिए अच्छा वातावरण बनेगा। आईटीएम यूनिवर्सिटी परिसर में विश्वस्तरीय बैडमिंटन अकादमी का शुरू होना केवल इस विश्वविद्यालय के लिए ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के लिए बड़ी उपलब्धि है। टाटा ट्रस्ट ने इस अकादमी के लिए सराहनीय योगदान दिया है। इसी तरह यदि राज्य के उद्योग भी खेलों के विकास में आगे आएं तो राज्य में खेलों का विकास और तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा नवा रायपुर में बैडमिंटन अकादमी शुरू करने की घोषणा की गयी है। अन्य खेलों के लिए भी अकादमियां प्रारंभ की गई हैं। उन्होंने इस अवसर पर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

खेल मंत्री ने जताया आभार : छग के खेल मंत्री उमेश पटेल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की यह मंशा है कि जो बच्चे खेल को अपना कैरियर बनाना चाहते हैं उन्हें खेल अकादमियों के माध्यम से अच्छी सुविधाएं और प्रशिक्षण मिले। उन्होंने आईटीएम यूनिवर्सिटी प्रबंधन और टाटा ट्रस्ट के पदाधिकारियों को छग में विश्वस्तरीय बैडमिंटन अकादमी प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव अजय सिंघानिया, छग ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव गुरूचरण सिंह होरा, छग बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अनवर ढेबर, टाटा ट्रस्ट की स्पोर्टस हेड नीलम बाबरदेसाई, आईटीएम यूनिवर्सिटी बैडमिंटन अकादमी के डायरेक्टर और नेशनल चीफ जूनियर कोच संजय मिश्रा, आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर के वाइस चांसलर डॉ. विकास सिंह, सीनियर बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय, सहित आईटीएम यूनिवर्सिटी और टाटा ट्रस्ट के प्रतिनिधि और खेल प्रेमी उपस्थित थे।

यूथ कांग्रेस 'यंग इंडिया' के बोल कार्यक्रम

भाषण प्रतियोगिता आयोजित कर राज्य और जिला प्रवक्ता बनाएगा

रायपुर/नवप्रदेश। मंगलवार को राजधानी रायपुर के राजीव भवन में यूथ कांग्रेस ने यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके तहत यूथ कांग्रेस भाषण प्रतियोगिता आयोजित कर राज्य और जिला स्तर पर प्रवक्ता बनाएगा। यंग इंडिया के बोल प्रवक्ता चयन के लिए भाषण प्रतियोगिता के लॉंचिंग के दौरान

प्रदेश अध्यक्ष पूर्णचंद कोको पाढ़ी, राष्ट्रीय प्रवक्ता मैनुद्दीन एच जे, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध हरितवाल और संजीव शुक्ला, अशरफ हुसैन, प्रदेश प्रवक्तागण राहुल कर, अंशुल मिश्रा, विष्णु सिंहदेव, आशीष चौबे उपस्थित रहे। यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कोको पाढ़ी ने बताया कि यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित एक भाषण प्रतियोगिता है जिसके माध्यम से भविष्य के वक्ताओं की खोज करने का काम कर रहे है। बीते साल 2020 में भी यंग इंडिया के बोल के माध्यम से पूरे देश से प्रतिभागी चुन कर आये थे जिन्हें अलग-अलग स्तर पर पार्टी ने प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी और उन्हीं में से कुछ लोग आज राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर भी है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिला प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के प्रवक्ता का चयन करेंगे। प्रतियोगिता के पहले चरण में गूगल फॉर्म के माध्यम से प्रतिभागियों की जानकारी इकट्ठा की जाएगी जिसकी आखिरी तारीख 1 अक्टूबर 2021 है। दूसरे चरण में अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में जिला स्तर पर उन प्रतिभागियों को बुलाकर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी और इसमें जीतने वाले पहले 5 लोगों को जिला प्रवक्ता तत्काल नियुक्त किया जाएगा।

दूसरे चरण में अक्टूबर के द्वितीय सप्ताह में जिला स्तर पर विजयी प्रतिभागियों की प्रदेश स्तर पर फिर से भाषण प्रतियोगिता होगी और उसमय पहले 5 प्रतिभागियों को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया जाएगा। पूरे देश के हर प्रदेश से चयनित होने वाले 5-5 प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में 14 नवम्बर को नई दिल्ली में हिस्सा लेंगे जिसमे जीतने वाला को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया जाएगा।

छग में सभी संभाग मुख्यालय में इसे लांच किया जाएगा और जिला स्तर पर इसका प्रचार प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को गूगल फॉर्म के माध्यम से इसमें आवेदन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

कलिंगा यूनिवर्सिटी ने नए छात्रों के लिए आईस ब्रेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया

रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर मध्य भारत के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में से एक है। जहां छात्रों को विभिन्न शोध और नवीन गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यह छात्रों में गहन विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कलिंगा विश्वविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबधन संकाय के एक्सपेरिमेंटल लर्निंग क्लब के छात्रों ने 10 सितंबर को अपने प्रथम वर्ष के स्नातक छात्रों के लिए ऑनलाइन आईस ब्रेकिंग सत्र आयोजित किया। जिसमें प्रथम वर्ष के छात्रों ने इस कार्यक्रम में विभिन्न खेल के माध्यम से जैसे 'मैं क्या हूँ?, 'शो एंड टेल', 'सेल्फ पोर्ट्रेट'' गेम, पहेलियों, फि ल्मों, टैगलाइन, सीईओ और विज्ञापनों का अनुमान लगाने में भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस कार्यक्रम के निर्णायक कलिंगा विश्वविद्यालय, वाणिज्य और प्रबंधन संकाय के सुश्री श्रिया त्रिपाठी सहायक प्राध्यापक एवं सुश्री ए नागा रमनी सहायक प्राध्यापक थे। कार्यक्रम में वाणिज्य और प्रबंधन संकाय के डीन डॉ. मोनिका सेठी शर्मा और वाणिज्य के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित थे। इस गतिविधि में 90 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम को बहुत ही रोमांचक और सीखने पर केंद्रित पाया। आइस ब्रेकिंग कार्यक्रम में पहले स्थान पर शुभांकर भट्टाचार्य बीबीए प्रथम सेमेस्टर और द्वितीय स्थान पर वंशदीप कौर बीबीए प्रथम सेमेस्टर रही।

भाजपा के दोनों राजनीतिक कार्यक्रम फ्लॉप

धर्मांतरण और किसान आंदोलन को नहीं मिला जनसमर्थन : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के दोनों राजनीतिक कार्यक्रम फ्लॉप हो गए।

धर्मांतरण को लेकर भाजपा ने जो झूठ फरेब का ताना-बाना बुना उसकी सच्चाई जनता के बीच उजागर हो गई। भाजपा के कथित किसान आंदोलन से किसानों ने दूरियां बना ली है। छग के किसान रमन भाजपा के वादाखिलाफी मोदी सरकार के किसान विरोधी नीति से वाकिफ हैं। प्रदेश सहित देश भर के किसान भाजपा सरकार के तीनों कृषि कानून के खिलाफ बीते 9 माह से सड़क में आंदोलन कर रहे हैं। भाजपा के नेता किसान आंदोलन में शामिल किसानों को आतंकवादी नक्सली टुकड़े टुकड़े गैंग देशद्रोही और मवाली तक बोल चुके हैं। ऐसे में भाजपा का किसानों के प्रति प्रेम दिखावा और छलावा है यह छग के किसान जानते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार किसानों को कर्ज मुक्त किया, बिजली बिल हाफ, सिंचाई कर माफ, स्थाई बिजली कनेक्शन दे रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से धान, कोदो, कुटकी, गन्ना, रागी, मक्का, दलहन, तिलहन सहित फलदार वृक्ष लगाने वाले किसानों को 9 हजार से 10 हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दे रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा सीएम भूपेश बघेल के सरकार में संविधान सर्वोपरि है। संविधान से ऊपर कोई भी नहीं है गैर संविधानिक कार्यों में शामिल षड्यंत्रकरियों और छग की धरा को अशांत करने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के धर्मांतरण के झूठे आरोपों की पोल खुल गयी। भाजपा धर्मांतरण नाम से ओछी राजनीति कर रही है। भाजपा के पास जोर जबरदस्ती धर्मांतरण के संबंध में कोई तथ्य नहीं है। भाजपा नेताओं के आरोप सिर्फ राजनीतिक प्रेरित और छग में मुद्दाविहीन होने का जीता जागता प्रमाण है। भाजपा नेता जबरदस्ती धर्मांतरण कराने का आरोप लगाकर छग के शांत धरा को अशांत करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने भाजपा के जोर जबरदस्ती धर्मांतरण कराने के 200 शिकायत के दावा को सार्वजनिक करने की चुनौती दी। लेकिन भाजपा 200 शिकायत को सार्वजनिक नहीं कर पाई। इससे स्पष्ट हो गया भाजपा ने झूठ अफवाह और हवा हवाई आरोप लगाकर छग में अपनी खिसकती राजनीति जनाधार को बचाने में लगी है।

राजधानी में डेंगू के मामलों में तेजी, अब तक 300 से ज्यादा मामले सामने आए

नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग ने दो अस्पतालों में 40 बिस्तर आरक्षित किया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू मरीजों के लिए शहर के दो अस्पतालों में 40 बिस्तर आरक्षित कर दिया गया है जिससे मरीजों को बेहतर इलाज हो सके। आरक्षित बिस्तरों में 30 जिला अस्पताल और 10 बिस्तर आयुर्वेदिक कॉलेज में है।

राजधानी में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। हालांकि डेंगू पीड़ित कई मरीज अपना इलाज निजी अस्पतालों में भी करा रहे है और निजी अस्पतालों द्वारा स्वास्थ्य विभाग को डेंगू मरीजों का आकड़ा नहीं दे रहे है जिसके चलते डेंगू मरीजों का स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब तक जो आकड़ा सामने आया है उसमें और बढ़ोतरी होने की संभावना है। जिस तरह से शहर में डेंगू के मरीज बढ़ रहे है उसे देखते हुए नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग ने इससे पीड़ित मरीजों को समय पर बेहतर इलाज मिल सके इसके लिए 30 बिस्तर जिला अस्पताल और 10 बिस्तर आयुर्वेदिक कॉलेज में कुल 40 बिस्तर आरक्षित कर दिया गया है। इसके साथ ही डेंगू से बचाव के लिए मच्छर दानी का प्रयोग करने की सलाह दी जा रही है। हालांकि डेंगू की पुष्टि के लिए एलाइजा टेस्ट कराना आवश्यक है। राजधानी में अब 300 से ज्यादा डेंगू मरीज के मामले सामने आये हैं।

राजधानी में फिर सराफा दुकान में लाखों की चोरी, सेंधमारी कर जेवरात पार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में फिर चोरो ने सराफा दुकान को निशाना बनाते हुए 2 लाख से अधिक का सामान पार कर दिया है। ये चोरी रायपुर के ग्रामीण क्षेत्र डूमरतराई स्थित शुभम मंगलम ज्वेलर्स में सोमवार देर रात सेंधमारी कर की गई है।

मंगलवार को सुबह 11 बजे जब शुभम मंगलम ज्वेलर्स की संचालक सीमा सोनी दूकान पहुंचकर शटर खोली तो भीतर के हालात को देखकर हक्का बक्का रह गयी। दूकान के पुरे सामान अस्त व्यस्त थे और जेवरात के डिब्बे इधर उधर बिखरे पड़े थे। संचालक को समझने में देर न लगी और उन्होने तत्काल माना पुलिस थाने में चोरी की सुचना दी।

सूचना मिलते ही माना पुलिस डूमरतराई स्थित शुभम मंगलम ज्वेलर्स पहुंचा और तफ्तीश शुरू कर दी। शुभम मंगलम ज्वेलर्स मुकेश सोनी की है लेकिन दुकान का संचालन मुकेश की सास चंगोराभाठा निवासी सीमा सोनी करती है।

पुलिस ने दुकान की तफ्तीश कर मामला दर्ज कर लिया है। तलाशी के बाद पुलिस ने बताया कि चोरों ने दीवार में सेंधमारी कर दुकान के भीतर दाखिल हुए और जेवर लेकर फिर उसी रास्ते से भाग गए।

पुलिस आस-पास के निगरानीशुदा बदमाशों से भी पूछताछ कर रही है। अब पुलिस चोरों का हुलिया जानने के लिए आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। आरोपी जल्द गिरफ्त में होने की बात पुलिस कह रही है।

एम्स अस्पताल के नर्सिंग ऑफिसर के घर में हुई चोरी : मंगलवार को शहर के आमानाका थाने में भी एक चोरी का मामला पहुंचा। चंद्रप्रभा देशमुख ने बताया कि वो मैं मारूती इनक्लेव, टाटीबंध में रहती हैं। चंद्रप्रभा एम्स अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर काम करती हैं। 8 सितंबर को अपने परिवार के साथ मकान में ताला लगाकर, दुर्ग चली गईं थीं। मकान की चाबी इनकी काम वाली बाई के पास थी। सोमवार को चंद्रप्रभा की पड़ोसी मिनाक्षी रानी दास ने फोन कॉल के जरिए जानकारी दी कि मकान का ताला टूटा हुआ है।

ये खबर पाकर कुछ देर बाद चंद्रप्रभा दुर्ग से लौटीं। उन्होंने देखा कि घर की आलमारी का लॉक टूटा हुआ था। इसमें रखा एक सोने का हार पुराना, एक जोड़ी सोने का झुमका, एक जोड़ी सोने का टॉप्स, एक छोटा सा लॉकेट, 3 जोड़ी चांदी की पायल, 20 हजार रुपए कैश चोरी हो चुका था। अब पुलिस पड़ोसी और चंद्रप्रभा के घर काम करने वाली महिला से पूछताछ कर चोर का पता लगाने की कोशिश में है।

कलश यात्रा में शामिल होने गया था परिवार: अगला मामला आरंग का है। यहां रहने वाले बखरिया साहू ने बताया कि सोमवार को हमारा परिवार दुर्गा मंदिर में कलश यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने गया था। शाम के वक्त जब हम लौटे तो बाहर गेट का ताला टूटा हुआ था। घर अंदर जाकर देखने पर पता चला कि कमरे में रखी आलमारी का ताला भी टूटा हुआ था। कपड़े वगैरह बिखरे हुए थे। लॉकर में रखे 3 नग सोने का लकेट, सोने की नोजपिन, सोने की पत्तियां, सोने का झुमका, एक फैंसी टॉप्स और 60 हजार रुपए चोरी हो चुके थे। बखरिया ने गांव के कुछ लोगों पर शक जाहिर किया है। अब पुलिस उन लोगों से पूछताछ कर रही है।

घोषणा — आदिवासी समाज की समस्याओं के समाधान के लिए कमेटी गठित करने की घोषणा

आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश ने कहा, राज्य के आदिवासी समुदाय के हितों का संरक्षण और उन्हें उनका हक दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। सरकार के प्रयासों से बीते ढाई सालों में आदिवासियों के जीवन स्तर में बदलाव आया है। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सुलभ हुए हैं। आदिवासी समाज की आर्थिक स्थिति और क्रय शक्ति बढ़ी है।

दंतेवाड़ा का उदाहरण रखा सामने

मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा जिले का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष 2018 में दंतेवाड़ा जिले में ट्रेक्टर की बिक्री नहीं के बराबर थी। बीते ढाई सालों में आदिवासी किसानों ने खेती-बाड़ी के काम के लिए 400 से अधिक ट्रेक्टर की खरीदी की है। मोटर-सायकिल की बिक्री की संख्या ढाई सालों में दहाई के आंकड़े को पार कर 5 हजार तक पहुंच गई है। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष भरत सिंह के नेतृत्व में प्रदेश के सभी अंचल के प्रतिनिधि सामाजिक समस्याओं के संबंध में चर्चा के लिए मुख्यमंत्री निवास पहुंचे थे। प्रतिनिधि मंडल में भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा सहित राज्य प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। इस अवसर पर उद्योग मंत्री कवासी लखमा, संसदीय सचिव शिशु पाल सोरी, इन्द्रशाह मंडावी, यू.डी. मिंज, चन्द्रदेव राय, विधायक विकास उपाध्याय, विधायक संत कुमार नेताम, बृहस्पत सिंह, लक्ष्मी ध्रुव सहित आदिवासी समाज के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

आदिवासी हितों को सुनने होगी कमेटी गठित

सीएम बघेल ने सर्वआदिवासी समाज के पदाधिकारियों की एक-एक कर उनकी बाते सुनीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आदिवासी समाज की समस्याओं की सुनवाई और निदान के लिए मंत्रिमंडलीय उप समिति और मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आदिवासी हितों से संबंधित सभी विभागों के सचिवों की कमेटी के गठन की घोषणा की। उन्होंने सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों विशेषकर सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रशासिक अधिकारियों से सचिव स्तर की कमेटी के समक्ष आदिवासी समाज के कल्याण एवं उनके संवैधानिक हित के संरक्षण के संबंध में सभी मामलों को रखने और उस पर विस्तार से चर्चा करने की बात कही।

कोविड काल में बेहतर प्रबंधन को मिली हर चुनौती पर विजय

मुख्यमंत्री निवास में पहुंचे सभी सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब के साथ आज कई मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण काल के कारण कई मामलों में तेज गति से काम नहीं हो सका है, जो अपेक्षित था। लॉकडाउन के दौरान लोगों को सुरक्षित रखने और उन्हें सुविधाएं देने की चिंता रही। इस दौरान लघु वनोपज की खरीदी की भी चुनौती रही। छत्तीसगढ़ सरकार ने बेहतर प्रबंधन के जरिए हर चुनौतियों पर विजय पायी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों पर दर्ज मामलों के निराकरण के लिए गठित पटनायक समिति की अनुशंसा के अनुरूप सभी मामले निराकृत किए जा चुके हैं।

संपादकीय

गुजरात में नेतृत्व परिवर्तन

गुजरात में मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की जगह भूपेन्द्र पटेल को मुख्यमंत्री बना दिया गया है। पार्टी हाईकमान के कहने पर विजय रूपाणी ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार नीतिन पटेल माने जा रहे थे लेकिन उनकी जगह भूपेन्द्र पटेल को मुख्यमंत्री बनाया गया है। भाजपा हाई कमान के इस चौकाने वाले फैसले को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे है। माना जा रहा है कि विजय रूपाणी को चेहरा बनाकर भाजपा अगला विधानसभा चुनाव लड़ना जोखिम का काम समझ रही है। भाजपा के सिर्फ नेतृत्व को लगता है कि ऐसा करने से गुजरात में सत्ता विरोधी लहर चल सकती है और इसका फायदा कांग्रेस को मिल सकता है। यही वजह है कि उसने एन चुनाव से पूर्व मुख्यमंत्री को बदल दिया है। भूपेन्द्र पटेल पाटिदार समाज के है जिनकी गुजरात में बहुलता है। पाटिदार समाज के वोट निर्णायक माने जाते है। इस जाति समीकरण को ध्यान में रखते हुए भूपेन्द्र पटेल को नया मुख्यमंत्री बनाया गया है जिन्होने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सबसे पहले नीतिन पटेल के घर जाकर उनसे मुलाकात की क्योंकि वे मुख्यमंत्री न बनाएं जाने से नाराज थे। अब उन्होने भूपेन्द्र पटेल को अपना करीबी साथी बताया है। इधर कांग्रेस ने गुजरात में हुए नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कटाक्ष किया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी संभावित हार से बचने के लिए भाजपा ने मुख्यमंत्री को बदला है लेकिन इसका भाजपा को कोई लाभ नहीं मिलेगा क्योंकि भूपेन्द्र पटेल के पास काम करने के लिए मात्र एक साल का समय बचा है। इस दौरान वे कुछ खास नहीं कर पाएंगे। गुजरात प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने इस पर तंज कसते हुए कहा है कि गुजरात में अब रिमोट से सराकार चलेगी क्योंकि भूपेन्द्र पटेल पूर्व मुख्यमंत्री आनंदी बेन पटेल के करीबी है और अमित शाह के विश्वस्त है। ऐसे में अब गुजरात में रिमाट से ही सरकार चलेगी, नए मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल को अनुभवहीन बताते हुए हार्दिक पटेल ने कहा है कि वे बेलगाम हो गई अफसरशाही पर लगाम नहीं लगा पाएंगे। इस नेतृत्व परिवर्तन को लेकर यह भी चर्चा गर्म है कि गुजरात में समय से पूर्व यूपी विधानसभा चुनाव के साथ ही चुनाव कराए जा सकते है। बहरहाल देखना दिलचस्प होगा कि गुजरात में नेतृत्व परिवर्तन से भाजपा को कितना लाभ मिल पाता है।

विचार

हिंदी दिवस की औपचारिकता

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

हिंदी दिवस हम हर साल 14 सितंबर को मनाते हैं, क्योंकि इसी दिन 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा बनाया था। लेकिन क्या आपने कभी सोचा कि हिंदी वास्तव में भारत की राजभाषा है भी या नहीं है? यदि हिंदी राजभाषा होती तो कम से कम भारत का राज-काज तो हिंदी भाषा में चलता लेकिन आजकल राजकाज तो क्या, घर का काम-काज भी हिंदी में नहीं चलता। अंग्रेज की गुलामी के दिनों में फिर भी हिंदी का स्थान ऊँचा था लेकिन आज हिंदी की हैसियत ऐसी हो गई है, जैसी किसी अछूत या दलित की होती है। संसद का कोई कानून हिंदी में नहीं बनता, सर्वोच्च न्यायालय का कोई फैसला या बहस हिंदी में नहीं होती, सरकारी काम-काज अंग्रेजी में होता है। सारे विश्वविद्यालयों में अंग्रेजी अनिवार्य है। ज्यादातर विश्वविद्यालयों में पढ़ाई का माध्यम अंग्रेजी है। छोटे-छोटे बच्चों पर भी अंग्रेजी इस तरह लदी होती है, जैसे हिरन पर घास लाद दी गई हो। बच्चे अपने माँ-बाप को भी आजकल मम्मी-डैडी कहने लगे हैं। माताजी-पिताजी शब्दों का लोप हो चुका है। 'जी' अक्षर उनके संबोधन से हट चुका है। भाषा से मिलनेवाले संस्कार लुप्त होते जा रहे हैं। हिंदी अखबारों और टीवी चैनलों को अंग्रेजी शब्दों के बोझ ने लंगड़ा कर दिया है। हर साल जो करोड़ों बच्चे अनुत्तीर्ण होते हैं, उनमें सबसे बड़ी संख्या अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण होनेवालों की है। भारत के बाजारों में चमचमाते अंग्रेजी के नामपटों को देखकर लगता है कि भारत अभी भी अंग्रेजों का ही गुलाम है। अगर आप बैंकों में जाकर देखें तो मालूम पड़ेगा कि लगभग सभी खातेदारों के दस्तखत अंग्रेजी में हैं। आपका नाम हिंदी में है, फिर हस्ताक्षर अंग्रेजी में क्यों है? यदि नकल ही करना है तो पूरी नकल कीजिए। अपना नाम भी आप चर्चिल या जॉनसन क्यों नहीं रखते ? नकल भी अधूरी ? हिंदी कभी राजभाषा बन पाएगी या नहीं, कहा नहीं जा सकता लेकिन वह लोकभाषा बनी रहे, यह बहुत जरुरी है। राजभाषा वह तभी बनेगी, जब हमारे नेतागण नौकरशाहों की नौकरी करना बंद करेंगे। हमारे नेता वोट और नोट में ही उलझे रहते हैं। उन्हें शासन चलाने की फुर्सत ही कहां होती है। यदि देश में कोई सच्चा लोकतंत्र लाना चाहे तो वह स्वभाषा के बिना नहीं लाया जा सकता। दुनिया के जितने भी शक्तिशाली और मालदार राष्ट्र हैं, उनमें विदेशी भाषाओं का इस्तेमाल सिर्फ विदेश व्यापार, कूटनीति और शोध-कार्य के लिए होता है लेकिन भारत में आपको कोई भी महत्वपूर्ण काम करना है या करवाना है तो वह हिंदी के जरिए नहीं हो सकता। हिंदी-दिवस इसीलिए एक औपचारिकता बनकर रह गया है।

आखिरकार, बेटियां कब सुरक्षित होंगी!

राजेश माहेश्वरी

> महिलाओं और युवतियों पर कहीं एसिड अटैक हो रहे हैं, तो कहीं लगातार हत्याएं-बलात्कार हो रहे हैं। इन घटनाओं से निपटने के लिए भारतीय नेतृत्व में इच्छा-शक्ति तो बढ़ी है लेकिन विडम्बना यह है कि आम नागरिक महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों को लेकर स्वाभाव से ही पुरुष वर्चस्व के पक्षधर और सामंती मनःस्थिति के कायल हैं। हमारे देश-समाज में स्त्रियों का यौन उत्पीड़न लगातार जारी है लेकिन यह बिडम्बना ही कही जायेगी कि सरकार, प्रशासन, न्यायालय, समाज और सामाजिक संस्थाओं के साथ मीडिया भी इस कुकृत्य में कमी लाने में सफल नहीं हो पायी है। कुछ वर्ष पूर्व दक्षिण भारत में एक बलात्कार की घटना और क्रूरता के बाद पुलिस पर अपराधियों के साथ बंदूक से न्याय करने का दबाव बना था। बाद में जब बलात्कारी पुलिस मुठभेड़ में मारे गये थे तो महिलाओं ने पुलिस का अभिनंदन किया था। यह भाव दर्शाता है कि आम धारणा बन रही है कि न्यायिक प्रक्रिया से संगीन अपराधियों को समय रहते समुचित दंड नहीं मिल पाता। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आज भी पीड़ित महिला व परिजनों को न्याय पाने के लिये यातनादायक लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

देश में बेटियों की सुरक्षा को लेकर भले ही तमाम बातें की जाएं, लेकिन कड़वी हकीकत यह है कि बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। आये दिन मीडिया के माध्यम से महिलाओं के प्रति होने वाले अत्याचार, अपराध और यौन हमलों के समाचार सुनने-पढ़ने को मिलते हैं। ताजा मामला मुंबई की निर्भया का है। साल 2012 में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की निर्भया के साथ जैसी क्रूरता की गई थी, वही अमानवीयता मुंबई की निर्भया के साथ हुई। वास्तव में यह राष्ट्रीय शर्म का विषय है कि घर से बाहर बेटियां असुरक्षित है, और लगातार अमानवीय क्रूरता और हिंसा का शिकार हो रही हैं। वर्ष 2012 में निर्भया कांड ने देश की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया था। पूरे देश में व्यापक आक्रोश सामने आया था। उसके बाद यौन हिंसा से जुड़े कानूनों को सख्त बनाया गया था। दोषियों को कठोरतम सजा से दंडित भी किया गया था। लेकिन लगता है कि दिल्ली की निर्भया का बलिदान व्यर्थ चला गया। मुंबई की घटना के बाद ऐसा लगता है मानो स्थितियों में कोई ज्यादा फर्क नहीं आया है।

ऐसे में सवाल यह है कि अपराधियों में कानून का भय क्यों नहीं है? क्यों बेटियों के प्रति यौन अपराध की घटनाएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं? असल में अपराधियों में यह धारणा लगातार बनी हुई है कि वे अपराध करने के बाद भी बच जायेंगे। हमें इस सवाल पर गंभीरता से सोचना होगा? क्या कहीं अपराधी की परवरिश में खोट है या हमारा वातावरण इतना जहरीला हो चला है कि वह लगातार ऐसे अपराधियों को पैदा कर रहा है। हमें तमाम ऐसे सवालों पर पूरे समाज को संजीदगी से विचार करने की जरूरत है। अपराधी समाज का अंग होने के बावजूद महिला-बच्चियों व उसके परिजनों के दर्द की कतई परवाह नहीं करते।

26 जून 2018 को जारी थॉमसन रॉयटर्स फाउंडेशन की रिपोर्ट के अनुसार निर्भया कांड के बाद देश भर में फैले आक्रोश के बीच सरकार ने इस समस्या से निपटने का संकल्प लिया था। लेकिन भारत में महिलाओं के खिलाफ हिंसा में कोई कमी नहीं आई। 2018 का सर्वे बताता है कि भारत यौन हिंसा, सांस्कृतिक-धार्मिक कारण और मानव तस्करी इन तीन वजहों के चलते महिलाओं के लिए सबसे खतरनाक देश है। 2018 में भारत में महिलाओं और नाबालिगों के खिलाफ यौन हिंसा के मामले अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आए। जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में आठ साल की बच्ची और झारखंड में मानव तस्करी के खिलाफअभियान चलाने वाली सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बलात्कार की खबरें दुनिया भर में चर्चा का विषय बनीं।

दिसंबर 2017 को इंडियास्पेंड की एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2016 में महिलाओं के खिलाफअपराध के प्रति घंटे औसतन 39 मामले दर्ज किए गए। साल 2007 में यह

संख्या मात्र 21 थी। सरकार ने प्रतिक्रिया में बलात्कारियों के लिए सजा कड़ी करने और बच्चों के साथ बलात्कार करने वाले को मौत की सजा देने का ऐलान किया। लेकिन इंडियास्पेंड ने मई 2018 की अपनी एक रिपोर्ट में लिखा कि इन सजाओं के चलते बलात्कार के केस दर्ज किए जाने में कमी आ सकती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े भी महिलाओं के खिलाफ आपराधिक घटनाओं में वृद्धि को स्पष्ट करते हैं। इन अपराधों में बलात्कार, घरेलू हिंसा, मारपीट, दहेज प्रताड़ना, एसिड हमला, अपहरण, मानव तस्करी, साइबर अपराध और कार्यस्थल पर उत्पीड़न आदि शामिल हैं। साल 2015 में बलात्कार के 34,651 मामले, 2016 में बलात्कार के 38,947 मामले दर्ज किए गए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट बताती है कि 2017 में भारत में कुल 32,559 बलात्कार हुए, जिसमें 93.1 फीसदी आरोपी करीबी ही थे।

महिलाओं और युवतियों पर कहीं एसिड अटैक हो रहे हैं, तो कहीं लगातार हत्याएं-बलात्कार हो रहे हैं। इन घटनाओं से निपटने के लिए भारतीय नेतृत्व में इच्छा-शक्ति तो बढ़ी है लेकिन विडम्बना यह है कि आम नागरिक महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों को लेकर स्वाभाव से ही पुरुष वर्चस्व के पक्षधर और सामंती मनःस्थिति के कायल हैं। हमारे देश-समाज में स्त्रियों का यौन उत्पीड़न लगातार जारी है लेकिन यह बिडम्बना ही कही जायेगी कि सरकार, प्रशासन, न्यायालय, समाज और सामाजिक संस्थाओं के साथ मीडिया भी इस कुकृत्य में कमी लाने में सफल नहीं हो पायी है।

कुछ वर्ष पूर्व दक्षिण भारत में एक बलात्कार की घटना और क्रूरता के बाद पुलिस पर अपराधियों के साथ बंदूक से न्याय करने का दबाव बना था। बाद में जब बलात्कारी पुलिस मुठभेड़ में मारे गये थे तो महिलाओं ने पुलिस का अभिनंदन किया था। यह भाव दर्शाता है कि आम धारणा बन रही है कि न्यायिक प्रक्रिया से संगीन अपराधियों को समय रहते समुचित दंड नहीं मिल पाता। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आज भी पीड़ित महिला व परिजनों को न्याय पाने के लिये यातनादायक लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। देश ने देखा था कि निर्भया कांड के दोषी सजा होने के बाद भी कानूनी दांव-पेचों का सहारा लेकर पुलिस-प्रशासन व न्याय व्यवस्था को छकाते नजर आए। इस घटनाक्रम ने शीघ्र न्याय की आस में बैठे लोगों को व्यथित किया था। वहीं यौन अपराधों का आंकड़ा चैंकाने वाले स्तर तक बढ़ा है। यौन हिंसा के बाद तब तक मामला सुर्खियों में रहता है जब राजनीतिक दल राजनीति करते रहते हैं और मीडिया में मामला गर्म रहता है। फिर यौन पीड़िता का शेष जीवन सामाजिक लांछनों और हिकारत की त्रासदी के बीच गुजरता है। दरअसल, सत्ताधीश भी कोई गंभीर पहल नहीं करते जो पीड़िताओं का दर्द बांट सके और जांच व न्याय प्रक्रिया में तेजी लाकर नजीर पेश कर सकें। तभी आपराधिक तत्वों को खेलने का मौका मिलता है। भारत में महिलाओं पर हमलावरों की मानसिकता का अध्ययन करने, समझने और उसमें बदलाव लाने का प्रयास बहुत कम होते हैं। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा से निपटने का समग्र दृष्टिकोण अपराधियों के व्यवहार में बदलाव लाने के गंभीर प्रयासों के बगैर कभी पूरा नहीं हो सकता। बलात्कार की घटनाओं में कुछ हद तक कमी धीरे-धीरे लाई जा सकती है यदि हम (समस्त) महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ पुरुष मानवीयकरण के लक्ष्य को भी सामने रखें।

घर में पिता-पत्नी और बेटी का, और बेटा-मां और बहन का सम्मान करें। बाहर किसी भी स्त्री को कोई भी पुरुष इंसान की तरह मान कर सम्मान करें। सेंटर फॉर हेल्थ एंड सोशल जस्टिस द्वारा आयोजित 'किशोर वार्ता' एक अन्य नया प्रयास था, जिसके तहत शरीर की समझ, यौनिकता, लड़के-लड़कियों में भेदभाव, मर्दानगी, मासिक धर्म, स्वपनदोष, लड़कियों की मोबिलिटी कंसेंट और शादी की उम्र आदि के बारे दृश्य-श्रव्य कहानियों की श्रृंखला तैयार की गई। कोई भी अपने बेसिक मोबाइल फोन के जरिए एक निशुल्क नम्बर डायल करके इन ऑडियो कहानियों को सुन सकता है। ये प्रयास प्रभावशाली होने के बावजूद कुछ गिने-चुने शहरों तक ही सीमित रहे हैं और इस विकराल समस्या का समाधान करने के लिए काफी नहीं हैं।

केंद्र सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित परियोजनाओं के लिए अपने स्तर पर वर्ष 2013 में निर्भया कोष की स्थापना की थी। हिंसा की शिकार महिलाओं की सहायता के लिए चिकित्सकीय, कानूनी और मनोवैज्ञानिक सेवाओं की एकीकृत रेंज तक उनकी पहुंच सुगम बनाने के लिए वन-स्टॉप सेंटर्स की शुरूआत की गई। अब तक, 150 से ज्यादा वन-स्टॉप सेंटर्स शुरु किए जा चुके हैं। 'महिलाओं की हेल्पलाइन का सार्वजनीकरण' योजना का उद्देश्य हिंसा से पीड़ित महिला को रेफरल के माध्यम से 24 घंटे तत्काल और आपात राहत पहुंचाना है। इन कदमों के नतीजे भी सामने आने लगे हैं, लेकिन वे तब तक इस समस्या का समाधान करने में समर्थ नहीं हो सकेंगी, जब तक हम व्यवहार में बदलाव लाने की अनवरत पद्धति की शुरुआत नहीं करेंगे।

त्यौहारों से बढ़ाए आध्यात्मिक पूंजी

डॉ. रीना रवि मालपानी

> आधुनिकता की अंधी दौड़ में मनुष्ययोनि का मूल उद्देश्य गौण हो जाता है। ईश्वर द्वारा रचित सृष्टि में थोड़े-थोड़े समय अंतराल में त्यौहारों को स्थान दिया है। ईश्वर का प्रत्येक अवतार, रूप और लीलाएँ मानवयोनि की सफलता के कुछ सूत्र प्रतिपादित करती है, तो क्यों न इन छोटे-छोटे त्यौहारों में हम अपनी असली पूँजी आध्यात्मिक पेंशन को बढ़ाए। इच्छाओं की सरिता का कोई किनारा नहीं है। शायद ईश्वर के साथ लौ लगाने से हमें जीवन के प्रति अनुकूल व्यवहार करना आ जाए।

कोरोना त्रासदी ने जीवन के सत्य पक्ष को उजागर किया है कि शरीर नश्वर है और केवल ईश्वर ही परम सत्य है। हम दुनियादारी की उलझनों में अंतर्रात्मा से मिलन के क्षण को महत्व नहीं देते है। स्थितियों और परिस्थितियों से जुझते-जुझते हम स्वयं ही नष्ट हो जाते है। तेरा-मेरा, इसका-उसका और अपना-पराया, इन सभी व्यर्थ चिंतन में जीवन के अमूल्य आनंद के क्षणों का क्षय कर देते है। हमारी मनोकामनाओं, अभिलाषाओं और इच्छाओं का कभी अंत नहीं होता। एक इच्छा पूरी हो जाए तो दूसरी आ जाती है कि इसकी प्राप्ति हो जाए तो फिर टेंशन खतम, इसके आगे भी यही प्रक्रिया जारी रहती है।

आधुनिकता की अंधी दौड़ में मनुष्ययोनि का मूल उद्देश्य गौण हो जाता है। ईश्वर द्वारा रचित सृष्टि में थोड़े-थोड़े समय अंतराल में त्यौहारों को स्थान दिया है। ईश्वर का प्रत्येक अवतार, रूप और लीलाएँ मानवयोनि की सफलता के कुछ सूत्र प्रतिपादित करती है, तो क्यों न इन छोटे-छोटे त्यौहारों में हम अपनी असली पूँजी आध्यात्मिक पेंशन को बढ़ाए। इच्छाओं की सरिता का कोई किनारा नहीं है। शायद ईश्वर के साथ लौ लगाने से हमें जीवन के प्रति अनुकूल व्यवहार करना आ जाए। हम हमेशा परिस्थितियों को निहारते है और कहते है की अंत समय में मुक्ति का द्वार खोज लेंगे, परंतु वर्तमान समय में तो आज भी अनिश्चित हो गया है।

त्यौहारों से बढ़ाए जीवन की आध्यात्मिक पूँजी।
मुक्ति के द्वारा की यहीं है प्रमुख कुंजी॥
मनुष्ययोनि का उद्धार है ईश साधना।
डॉ. रीना कहती, क्यों न हम करें ईश आराधना॥

विश्वव्यापी कोरोना संक्रमण के बीच हमने एक-एक श्वास पर जीवन को तांडव करते देखा है। अर्थ और पहुँच भी अनर्थ के परिणाम को नहीं रोक सका। विकराल परिस्थितियों ने शव गंगा के प्रवाह को निरंतर गति दी। जीवन का अंतिम सत्य मृत्यु है जोकि निश्चित है। अनिश्चित को महत्व देते-देते हम निश्चित के आने को अस्वीकार नहीं कर सकते। ईश्वर का सानिध्य हमारी बुद्धि को भी निर्मल बनाता है। हम सभी इस संसार के हाथों में बंधे है, पर सारा संसार उसके हाथों में है। जीवन का प्रत्येक हर्ष-विषाद समभाव से ईश्वर को सौपते चलें और उसके निर्णय को बिना संशय के स्वीकार करते रहें। तृष्णा से मुक्ति का द्वार ईश्वर उपासना में निहित है। ईश्वर के प्रत्येक अवतार में हमनें उन्हें संघर्षों से अनवरत जूझते हुए देखा है। इसके पश्चात भी ईश्वर स्वयं दोषारोपण से वंचित नहीं रहें, तो फिर हम इस मोहमाया के जाल में क्यों खुद को ठेस पहुँचा रहें है। हम तो उस परम शक्तिशाली ईश्वर का अंश है। यह मनुष्ययोनि तो तभी सार्थक है जब हम इसे ईश्वर की स्तुति, स्मरण और सत्कर्म में खर्च करते है, तो क्यों न बचे हुए क्षणों में आध्यात्मिक पेंशन को संग्रहीत करें और ईश्वर तत्व में स्वयं को लीन करें।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बड़ा हास्यासपद

बड़ा हास्यासपद है जो मीडिया चड्डी बनियान पहनकर ट्रेन में चलते विधायक को शर्मनाक बताकर खबर बनाकर ब्रेकिंग चलाता है वही दूसरी ओर वरुण धवन को उसी चड्डी में नाचते विज्ञापन दिखाने पर शर्मिंदा नही होता,,,डूब मरो हरामखोरो नैतिक पतन पे दोहरा रूख क्यों कालनेमियो।

-कवि सुनिल शर्मा नील

ज़मीनें बेच पुरखों

ज़मीनें बेच पुरखों की ख़रीदा फ्लैट बच्चों ने। बड़ा अच्छा किया परिवेश अप टू डेट बच्चों ने। पिताजी और दादा की पड़ी बेक़ार पगड़ी को, बना डाला बहुत ही ख़ूबसूरत मैट बच्चों ने। पिता को ले गया बड़का, रखा छोटे ने अम्मा को, समझ से आपसी सब कुछ किया है सेट बच्चों ने। वो सिंधी गाय सुरती भैंस घोड़े बैल सब बेचे, रखा इक डोर पर डॉगी, व घर में कैट बच्चों ने।

-कवि अंकित चहल 'विशेष'

खास पाती

कविता सोच का विषय है

कविता सोच का विषय है या ज्योमिती का अभी तय करना बाकी है जीवन में शिव और शक्ति के दो त्रिकोण हैं, जिनके बीच एक माँ लिखा है प्रकृति शक्ति है और प्राण शिव हैं ...मगर शवों का नर्तन जारी है मैं उस रस्ते को चुनता हूँ जहाँ क़दमों के निशां नहीं हैं अक्सर चोट खाता हूँ, सीखता हूँ लहू भी है और औषधि भी मुझे विश्वास है एक दिन नफ़रत की दुनियाँ में भी प्यार का सूरज उगेगा ..क्योंकि ज्योमिती में वृत भी होता है लौटना ही होता है सच के बिन्दु पर क्योंकि हम सच से ही पैदा होते हैं शरीर का वाहन लेकर घूमने को और अंत में उतरना भी है रास्ते साथ नहीं रखे जा सकते और मंजिल पर पहुँचकर ये वाहन भी छोड़ना ही है बस यही है जीवन की कविता। -केदार नाथ शब्द मसीहा

प्यासा बादल चंद्र गति मधुर

प्यासा बादल चंद्र गति, मधुर कामिनी चाल। चपला रवि के ओज से, विधुर विधाता काल।। विधुर विधाता काल, जाल तड़पे जस मछली। विधवा करिश्रृंगार , पानमुख पहने सदरी ।। अटपट नीति विधान, तर्क चौसर का पासा । लेते ग्रह संज्ञान , धर्म युग -युग से प्यासा।।

– राजकिशोर मिश्र 'राज' प्रतापगढ़ी

बोया है घर बबूल तो इमलियाँ

बोया है घर बबूल तो इमलियाँ कहाँ मिलेंगीं, हो गुलों से दूर रहते तितलियां कहाँ मिलेंगीं, घर को जो खुल के भर दे,खुशबू औ रौशनी से, आँगन नहीं रखोगे, तो खिड़कियाँ कहाँ मिलेंगीं।

– वर्षा वर्षिता श्रीवास्तव

सोचती हूं अक्सर मुझ

सोचती हूं अक्सर मुझ में नाजुक मन ले एहसासों का बसेरा तुमको पाने को सहसा दौड़ता हुआ तुम्हारी उम्मीदों का संस्पर्श पाकर मेरी जिंदगी को अहा जिंदगी करता हुआ अपनी अनुभूतियों को जज्बातों के धागों में पिरो कर मुझ पर अपनी यादों का डेरा डाल प्रफुल्लित करता है और मेरा कोमल संवेदनशील मन तेरी संवेदना की मिठास पाकर वही फिर प्यार की चादर ओढ़ फिर से खो जाता है नित नव उम्मीदों का ताना-बाना बुनते हुए कि तुम होते तो ऐसा होता तुम होते तो हम यह करते तुम होते तो हम वह करते बस मेरे अल्फ़ाज़ ये सोच अपने में ही सिमटते हुए लगते हैं।

– रेनू शब्दमुखर

अपने मन की बातें बोलो

अपने मन की बातें बोलो जीवन की तुम गाँठे खोलो कोई कुछ भी बोले चाहे तुम कहने से पहले तोलो करता है जो तुम करने दो कड़वाहट ना मन में घोलो भूल गए हैं जो मुस्काना तुम उनके ना दर्द टटोलो कहती है बेबाक सहर ये नफरत को उल्फत से धोलो। – बबीता गर्ग

पुनः विराजे मंच पर गौरी

पुनः विराजे मंच पर गौरी नंद गणेश ! गणपति बप्पा मोरिया, बोलें सभी रमेश!! महादेव के लाडले, ...गौरी पुत्र गणेश! करें अर्चना प्रेम से , इनकी प्रथम रमेश !! गणपति बप्पा बोलकर,नाचेंगे सब आज ! एक साल के बाद फिर,..लौटे है गणराज!! रिद्धि-सिद्धि संपत्ति सुख, आते वहीं रमेश ! कृपा दृष्टि रखते जहाँ,.....गौरी पुत्र गणेश !!हो जाते पूरे सभी,..उनके काम रमेश ! पीछे हों जिनके सदा,गौरी पुत्र गणेश !!

– रमेश शर्मा

QUIZ TIME

1) नंदराज पहाड़ी कहाँ स्थित है?
2) ईब नदी का उद्गम स्थान कहाँ है?
3) शाकम्भरी योजना कब प्रारंभ हुआ था?
4) छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल का गठन कब किया गया?
5) 23 मार्च 1922 में रायपुर में आयोजित जिला राजनीतिक सम्मेलन में पुलिस अधीक्षक को मुफ्त प्रवेश पत्र देने से इंकार करने पर पुलिस ने किसे गिरफ्तार किया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) दंतेवाड़ा (2) खूरजा पहाड़ी (3) 2005-06 (4) 18 जनवरी, 2002 (5) पं. रविशंकर शुक्ल

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1440- विश्व के सबसे पहले ज्ञात सीरियल किलर में से एक फ्रेंच नाइट गिल्स डे राइस को हिरासत में लिया गया। 1821- मध्य अमेरिकी देश कोस्टारिका, अल सल्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास तथा निकारागुआ को स्वतंत्रता मिली। 1830- लिवरपूल और मैनचेस्टर रेलवे ने दो प्रमुख शहरों को जोड़ने के लिए पहले लोकोमोटिव-हॉल्ट रेलवे को खोला। 1831- दुनिया का सबसे पुराना संचालक स्टीम लोकोमोटिव जॉन बुल पहली बार न्यू जर्सी में कैमडेन और ऑम्ब्रे रेल पर चला। 1846- जंग बहादुर राणा नेपाल की सत्ता पर काबिज हुए। 1851- सेंट जोसेफ विश्वविद्यालय फिलाडेल्फिया में स्थापित किया गया। 1861- भारत के महान वैज्ञानिक एवं अभियंता सर एम. विश्वेश्वरय्या का जन्म हुआ। 1894- जापान ने प्योंगयांग की लड़ाई में चीन को करारी मात दी। 1916- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान पहली बार सोम्मे की लड़ाई में टैंक का इस्तेमाल किया गया। 1935- स्वास्तिका ध्वज जर्मनी का आधिकारिक ध्वज बनाया गया। 1935- जर्मन यहूदियों से उनकी नागरिकता छीन ली गयी और उन्हें सार्वजनिक पद और व्यवसायों से अयोग्य ठहरा दिया गया। 1948- स्वतंत्र भारत का पहला ध्वजपोत आईएनएस-दिल्ली बंबई (अब मुंबई) के बंदरगाह पर पहुंचा। 1959- भारत की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा दूरदर्शन की शुरुआत पहली बार दिल्ली में हुई। 1982- लेबनान के निर्वाचित राष्ट्रपति बशीर गेमायेल की पदासीन होने के पूर्व ही बम बिस्फोट में हत्या हुई।

आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 15 से 30 सितम्बर तक विशेष पखवाड़ा

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के छूटे हुए लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 15 सितम्बर से 30 सितम्बर तक आयुष्मान पखवाड़ा के रूप में चलेगा। जिला कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने इस विषय पर स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों को भी इस कार्य की सफलता के लिए दिशा-निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश पर आयुष्मान कार्ड विहीन परिवारों को कार्ड उपलब्ध कराने के लिए पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में ऐसे परिवारों को लक्षित किया जाएगा, जिनमें एक भी आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नहीं है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कोई भी शुल्क नहीं देना होगा। इसके लिए जन सेवा केंद्र चॉइस सेंटर्स या नजदीक स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क कार्ड बनवा सकते हैं। अभियान में पंचायती राज, ग्राम्य विकास विभाग और आईसीडीएस विभाग आदि का सहयोग भी लिया जाएगा। जहां लोग आसानी से पहुंच सकें। ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर कोविड गाइड लाइन का पालन करते हुए कैम्प लगाकर कार्ड बनाने का निर्देश भी उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को दिया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र मंडल ने इस विषय पर जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देश पर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत 15 से 30 सितंबर तक राज्य में आयुष्मान भारत पखवाड़ा का आयोजन रखा गया है।

इसी प्रकार 23 सितंबर को आयुष्मान भारत दिवस के रुप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कलेक्टर के निर्देशानुसार 14 सितंबर को गूगल मीट के माध्यम से कवर्धा जिले के आयुष्मान कर्मचारियों की आवश्यक बैठक ली गई। बैठक में आयुष्मान भारत पखवाडा एवं आयुष्मान भारत दिवस की तैयारियों को लेकर जिले के समस्त पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में बैनर, पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से प्रचार- प्रसार के निर्देश दिए गए। डॉ मंडल ने बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए चयनित स्थान पर बैनर लगाकर प्रत्येक हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कहा। इसके लिए गांव - गांव में प्रचार-प्रसार आडियों रिकार्डिंग के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने आयुष्मान कर्मचारियों को बताया कि अगर किसी का अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बना है तो गांव में सरपंच और सचिव एवं मितानिनों से संपर्क कर गांव - गांव में मुनादी सुनिश्चित कराएं। इसके लिए सम्बन्धितों को जिला प्रशासन की ओर से निर्देश जारी किया जा चुका है।

जिले के चारों जलाशयों में 55.60 प्रतिशत औसतन जलभराव

धमतरी/नवप्रदेश। पिछले कुछ दिनों से हो रही अच्छी बारिश के चलते जिले के चारों जलाशयों में जलभराव की स्थिति में काफी सुधार आया है। वहीं जलाशयों के कैचमेंट एरिया में भी लगातार बारिश होने के बांधों में पानी की आवक मजबूत हुई है। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के बांधों में आज की स्थिति में 55.60 प्रतिशत औसतन जलभराव है। इनमें रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में 56.20 प्रतिशत, बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव मुरूमसिल्ली जलाशय में 73 प्रतिशत, दुधावा में 39 प्रतिशत तथा सोंढूर जलाशय में 54.15 प्रतिशत जलभराव है। इस संबंध में बताया गया है कि आज दोपहर 12 बजे की स्थिति में गंगरेल जलाशय में 23127 क्यूसेक पानी, मुरूमसिल्ली में 5833, दुधावा में 3442 तथा सोंढूर जलाशय में 2458 क्यूसेक (घनमीटर प्रति सेकण्ड) पानी की आवक बनी हुई है। इस तरह रविशंकर जलाशय में 20.289 टीएमसी, मुरूमसिल्ली में 4.292 टीएमसी, दुधावा में 4.060 और सोंढूर जलाशय में 4.087 टीएमसी पानी की उपलब्धता है।

न्यूज गैलरी

निर्वमान जिपं सीईओ की विदाई, नए का अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया स्वागत

बेमेतरा/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा बेमेतरा में पदस्थ जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के बलरामपुर-रामानुजगंज जिला पंचायत सीईओ के पद पर स्थानानंतरण होने पर मंगलवार को जिले के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा उन्हे भावभीनी विदाई दी गई। नवागंतुक सीईओ लीना कमलेश मण्डावी का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने कहा कि शासकीय सेवा मे स्थानानंतरण, पदोन्नति एक सामान्य प्रक्रिया है। बलरामपुर एक आदिवासी बाहुल्य एवं वनांचल जिला है, वहां काम करने का एक अलग ही अनुभव होगा। नये स्थान पर नयी चुनौती एवं अवसर आयेंगे। मैं उम्मीद करता हूं कि रीता अपने शासकीय कर्तव्यों एवं दायित्वों का बखुबी निर्वहन करेंगी। मैं उनके स्वस्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं। निवर्तमान सीईओ रीता यादव ने कहा कि बेमेतरा सीईओ के रुप मे उन्होने 14 जनवरी 2020 को पदभार ग्रहण किया था। 20 माह के कार्यकाल के दौरान पंचायत चुनाव का संपादन, कोविड संक्रमण से निपटना जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये इसके अलावा शासन की सुराजी गांव योजना, मनरेगा का बेहतर क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल है। श्रीमती यादव ने जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों कर्मचारियों एवं आम जनता से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विदाई समारोह को संयुक्त कलेक्टर ज्योति सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेरला संदीप ठाकुर, नवागढ़ विश्वास राव मस्के, साजा रश्मि ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग मेनका चन्द्राकर, एसडीओ वन एमआर साहू, जनपद पंचायत सीईओ बेमेतरा रवि कुमार, साजा कुमारी कांति ध्रुव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्गेश कुमार वर्मा ने किया।

अपने आपको माहेश्वरी कहने पर मैं अत्यंत गर्व महसूस करता हूं: नरेन्द्र राठी

बेमेतरा/नवप्रदेश। जब भी कोई मुझे मुझसे मेरा परिचय पूछता है तो मुझे अपने आपको माहेश्वरी कहने पर में अत्यंत गर्व महसूस करता हूं। कारण यही है कि समाज का योगदान किसी से छिपा नहीं है। हमारे समाज में लगभग हर क्षेत्र में समाज की प्रतिभाएं अपनी सफलता का ध्वज लहरा रही हैं। उपरोक्त बातें दुर्ग जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष नरेन्द्र राठी ने आज बेमेतरा मे जिला माहेश्वरी सभा की साधारण सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इसके पीछे भगवान महेश का आशीर्वाद ही कहा जा सकता हैं। हमारा समाज हमेशा से विलक्षण प्रतिभा से परिपूर्ण रह हैं, जिन्होंने समाज को सदैव गौरवान्वित करते आया है दुर्ग जिला माहेश्वरी सभा के लिए आज गौरव दिवस है कि हमे बेमेतरा समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ समाज सेवा के क्षेत्र, पर्यावरण एवं कोविड-19 मानवता की सेवा कर संपूर्ण नगर में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया हैं। सभा को अखिल भारतीय माहेश्वरी सभा के सदस्य एवं प्रादेशिक माहेश्वरी महासभा के पूर्व अध्यक्ष विट्ठलदास भुतड़ा ने अखिल भारतीय माहेश्वरी समाज द्वारा समाज हित में चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी और समाज बंधुओं से आव्हान किया कि सामाजिक योजनाओं का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय सहित अनेक कार्यों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

19 लाख प्रधानमंत्री आवास में 4 लाख मिले, पीएम मोदी की वायदे पर लगा ब्रेक

देवभोग/नवप्रदेश। देश के गरीब परिवारों को हर हाल में 2022 तक पीएम आवास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देने की वादा के बाद कच्चा मकान मैं निवासरत गरीबों ने पक्के मकान का सपना तो सजा लिया मगर अब लाखों हितग्राहियों के सपने में ब्रेक लग चुका है। इसे भेद भाव माने या फिर राज्य सरकार के पास बजट का टोटा कहें। क्योंकि बीते 4 साल से अधिक समय में प्रदेश के एक तिहाई आवास हीन पात्रता वाले गरीबों को पीएम आवास नहीं मिल पाया है । अगर गरियाबंद की बात करें तो 72 हजार 514 हितग्राहियों को आवास देना है। लेकिन अब तक सिर्फ 43 हजार 268 गरीबों को आवास मिल पाया है। जबकि पूरे छत्तीसगढ़ में 19 लाख 63 हजार 374 हितग्राहियों को आवास मिलना है। मगर 11 लाख 2 हजार 618 हितग्राहियों को ही आवास मिल पाया है । जिसमे एसटी वर्ग के 4 लाख 42 हजार 588 लोगों को मिला। इसी तरह एससी वर्ग के 2 लाख 11 हजार 866 पात्रता वाले को आवास मिल पाया है । इसके अलावा पिछड़ा वर्ग के 4 लाख 41 हजार हितग्राही लाभान्वित हुए। साथ ही माइनॉरिटी के 5 हजार 133 और विकलांग के 954 हितग्राहियों को आवास मिल पाया है । ऐसे में मोदी जी द्वारा जनता से किए वादे को किस तरह पूरा किया जा सकता है। क्योंकि यह सत्र जुम्मा जुम्मा 8 महीना ही बच गया है। और इन माह में आठ लाख से अधिक हितग्राहियों को पीएम आवास आवंटित करना मुश्किल दिखाई पड़ रहा है। और इससे अनभिज्ञ हितग्राही वर्तमान में भी प्रधानमंत्री आवास मिलने की आश लगाए हुए हैं। जबकि इस सत्र में इतनी संख्या में गरीबों को पीएम आवास नहीं मिलने की बात आईना की तरह साफ हो गया है।

सांसद संतोष पांडेय ने विभिन्न गांवों का किया दौरा, कई कार्यक्रमों में हुए शामिल

केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं: सांसद

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय पंडरिया व कवर्धा ब्लाक अंर्तगत विभिन्न गांव का दौरा कर विभिन्न आयोजन में शामिल हुए। सांसद पांडेय पांडातराई में आयोजित भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। सांसद पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा गरीब, किसान, महिला, युवा सभी वर्ग के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहमुंखी विकास हो रहा है। देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश व जनता के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक दर्जा दिलाया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं व उनके द्वारा किए जा रहे ऐतिहासिक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें।

सांसद पांडेय ग्राम चारभाठा खुर्द में आयोजित नवधा रामायण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भगवान की पूजा-अर्चना की और आरती में शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। सांसद पांडेय ग्राम पलानसरी में कैलाश चंद्रवंशी के यहां आयोजित दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्वर्गीय विष्णु प्रसाद चंद्रवंशी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से भेंटकर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान जिला पंचायत के सदस्य व पूर्व अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश कौशिक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रकुमार सोनी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष परमेश्वर चंद्रवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष बालाराम चंद्रवंशी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मालिकराम चंद्रवंशी, महामंत्रीगण, अन्य पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

दलपुरवा में आयोजित रामधुनी कार्यक्रम में हुए शामिल

सांसद संतोष पांडेय कवर्धा ब्लाक अंतर्गत ग्राम दलपुरवा में आयोजित रामधुनी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भगवान की पूजा-अर्चना की। सांसद पांडेय भाजयुमो के मंडल उपाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी के निवास भी गए। सांसद ने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान जिला पंचायत के सदस्य व पूर्व अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, डोमन चंद्रवंशी, सुशील चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, ललित चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, भेषज साहू, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

जिपं सदस्य ने ग्राम पंचायत भरेली में निर्माण कार्यों का किया भूमि पूजन

गुण्डरदेही/नवप्रदेश। कोरोनाकाल के चलते ग्रामीण विकास के कार्यों की रफ्तार धीमी हो गई थी। ऐसे में 15वें वित्त आयोग मद से निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिल रहा है। अब गांवों में होंगे विकास कार्य। छत्तीसगढ़ सरकार के कद्दावर मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के निर्देशानुसार जिला पंचायत सदस्य व युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव तुकाराम चंद्रवंशी ने ग्राम पंचायत भरेली में अलग-अलग निर्माण के लिए विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया।

तुकाराम चन्द्रवंशी ने बताया कि ग्राम भरेली में 15वें वित्त आयोग से 3.57 लाख रु. भागवत के घर से नाला तक नाली निर्माण कार्य व 2.60 लाख रु का मालिक के घर से लेकर रामानुज के घर तक नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा मंत्री मोहम्मद अबकर के कबीरधाम जिला के प्रति बेहद संवेदनशील है। उनके नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा में नया आयाम गढ़ रहा है। लगातार हर क्षेत्रों में जनाकांक्षाओं के अनुरूप कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर रहे है। वहीं अब कहीं भी विकास कार्य रुकने वाले नहीं है। मंत्री वीस के जरिए जनपद पंचायतों के अंतर्गत सभी सरपंच व सचिवों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और जिला पंचायत सीईओ, जनपद सीईओ सहित संबंधित अधिकारियों से बात कर जिले की समस्या से अवगत हुए साथ ही निर्माण कार्यों की जानकारी मांगी थी, उसी के अनुरूप निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिल रहा है। ग्राम पंचायत भरेली के सरपंच भगेला धुर्वे व ग्रामवासियों मंत्री मोहम्मद अकबर व जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी का आभार जताया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम सरपंच भगेला धुर्वे, पूर्व सरपंच नरेश चंद्रवंशी, जिला महासचिव नरेंद्र चंद्रवंशी, सुखचैन चंद्रवंशी, जयकुमार चंद्रवंशी, सरजू चंद्रवंशी, द्वारिका चंद्रवंशी ग्राम सचिव मालिक चंद्रवंशी, रोजगार सहायक कोमल यादव उपस्थित थे।

शुद्ध पेयजल सप्लाई हमारी पहली प्राथमिकता: ऋषि कुमार शर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने जल आवर्धन योजनांतर्गत चल रहे कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होनें कहा कि जल आवर्धन संबंधी पाईप लाईन बिछाने व टंकी से पानी सप्लाई का कार्य सहित अन्य जल आवर्धन योजना से जुडे महत्तवपूर्ण कार्यो को अविलंब पूर्ण किये जाने हेतु कड़े निर्देश दिये। उन्होनें दो टूक में कहा कि योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। समय सीमा का विशेष ध्यान रखे, समय-सीमा में कार्य पूर्ण नही होने पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने की बात कही। जल आवर्धन योजनांतर्गत निर्माणाधीन कार्य पूर्ण करते हुए पेयजल सप्लाई किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने आज जल विभाग सभापति के साथ वार्ड क्रं. 01 से 09 तक के पार्षदों के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल आवर्धन योजनांतर्गत निर्माणाधीन टंकी का टेस्टिंग कार्य पूर्ण करते हुए वार्डो में पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रारंभ करें।

किसान के खेत से लोहे एंगल की चोरी करने वाले पकड़े गए 5 चोर

गुण्डरदेही/नवप्रदेश। किसान के खेत से लोहे एंगल की चोरी करने वाले 5 चोरों को पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गए चोरों के पास से चोरी किए गए लोहे के एंगल बरामद कर लिया गया है। गुण्डरदेही पुलिस ने बताया कि हेमशंकर साहू निवासी चंदनबिरही ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि गांव के मलखम राम साहू का खेत जो नवागांव खार में स्थित है। जिसे अधिया में लेकर खेती किसानी करता हूं।

खेत की सुरक्षा के लिए लोहे के एंगल मे तार लगा था जो एंगल से नीचे गिर गया है। 10 सितंबर को खेत गया तो लोहे एंगल लगा हुआ था, लेकिन 11 की सुबह 07 बजे खेत में खाद सिचाई करने गया तो देखा मेड पार में लगे 12 नग लोहे का एंगल कीमती करीबन 16 सौ रुपए गायब थे। किसान की शिकायत पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही थी। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी अजय बारले पिता सोहित बारले 24 वर्ष नवागांव, सुनील कुमार जांगडे पिता अंजोर सिंह जांगड़े 19 वर्ष, चंदेल पिता कृपाल 19 वर्ष, हरीश डहरे पिता संतोष 19 वर्ष और अनिकेत मांडले पिता कार्तिक 19 वर्ष सभी निवासी नवागांव थाना गुण्डरदेही को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। इस दौरान पांचों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

उन्होंने पुलिस को बताया कि सभी एक राय होकर चोरी का प्लान बनाकर मलखम साहू के खेत में लगे लोहे के एंगल को निकालकर ग्राम नवागांव खार के नाला में छिपाना बताया। जहां उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए लोहे के एंगल बरामद कर लिए। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

मिर्च की खेती से किसान चन्द्रशेखर की आमदनी ढाई गुना तक बढ़ी

गरियाबंद/नवप्रदेश। किसान चन्द्रशेखर नायक धान फसल के बदले अब उद्यानिकी फसल उगा रहे हैं। उनका कहना है कि धान के फसल लेने से लगभग 12 हजार रुपए की बचत होती थी। लेकिन बैंगन और मिर्च फसल लेने से बचत लगभग ढाई गुना हो रहा है।

देवभोग विकासखंड के ग्राम करचिंया के किसान ने बताया कि वे शासन और विभाग के मार्गदर्शन से प्लास्टिक मल्चिंग के माध्यम से मिर्च और बैगन की खेती करने लगे। जिससे बचत और आमदनी बढ़ गई। उन्होंने बताया कि जहां एक एकड़ खेत में लगभग 20 क्विंटल धान उपज होता था, वहीं मिर्च की खेती से उत्पादन 60 क्विंटल तक बढ़ गया है। हालांकि इनपुट और श्रमिक लागत लगभग बराबर है। लेकिन शुद्ध बचत उद्यानिकी फसलों की खेती के वजह से बढ़ी है। वे बताते है कि इसके पहले पूरे रकबे में धान की फसल लेता था विगत कुछ वर्षो से उद्यानिकी विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के संपर्क में आने के बाद विभागीय योजना के अंतर्गत प्लास्टिक मल्चिंग प्राप्त हुआ और रोपित रकबा में मिर्च का फसल लिया जिसमें मैंने पाया गया कि धान की एक एकड़ फसल की उत्पादन की तुलना में मुझे अधिक उत्पादन और मुनाफा हुआ। समय-समय पर उद्यान विभाग के अधिकारियों के तकनीकी मार्गदर्शन से नयी-नयी जानकारी प्राप्त हुआ साथ ही नयी योजनाओं के बारे में पता चला। उद्यानिकी फसल की योजनाओं से प्रेरित होकर कृषकों द्वारा उक्त फसल की खेती करना प्रारम्भ किया। कृषक की आमदनी में उत्तरोत्तर वृद्धि के कारण एवं उनके रहन-सहन में हुए सहज परिवर्तन को देखते हुए दूसरे कृषकों का भी क्षेत्र के भ्रमण उपरांत उद्यानिकी फसलों की ओर रूझान बढ़ रहा है।

छत्तीसगढ़ के जंगलों में गिने जाएंगे बाघ, तैयारी हुई शुरु

मास्टर ट्रेनर्स का प्रथम चरण में हुआ प्रशिक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा वन मंडल, जिला कबीरधाम में दुर्ग वन वृत्त, दुर्ग स्तरीय अखिल भारतीय बाघ गणना 2021-2022 बाबत मास्टर ट्रेनर्स तैयार करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शालिनी रैना मुख्य वन संरक्षक दुर्ग वन वृत्त, दुर्ग तथा राजेश पांडे मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी की उपस्थिति तथा मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला में कवर्धा, बालोद, खैरागढ़, राजनंदगांव और दुर्ग वन मंडल के वन मंडल अधिकारी, उप वनमंडल अधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, परिक्षेत्र सहायक, वनरक्षक, डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा मानचित्रकारों ने भाग लिया।

समस्त प्रतिभागियों से आयुष जैन क्षेत्रीय उप संचालक, सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व तथा आनंद कुदारिया अधीक्षक बारनवापारा वन्य प्राणी अभ्यारण द्वारा बाघ गणना संबंधित चर्चा परिचर्चा की गई एवं प्रशिक्षण दिया गया।

वृत्त स्तर पर हुई इस कार्यशाला के बाद मास्टर ट्रेनर्स द्वारा वन मंडल स्तर पर विभिन्न परिक्षेत्र में आगामी 20 सितंबर तक क्षेत्रीय अमला को बाघ गणना से संबंधित जानकारी तथा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस बार की बाघ गणना की विशेषता यह रहेगी कि कागजी कार्यवाही ना करते हुए गूगल एप-एमएसट्रिपेस के माध्यम से ऑनलाइन एंट्री करके बाघ की गणना के साथ-साथ तेंदुआ तथा हाथी की गणना भी अखिल भारतीय बाघ गणना 2021-2022 में सम्मिलित की गई है।

विधायक ने किया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का शुभारंभ

बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ बेमेतरा शहरी क्षेत्र स्थित शासकीय कन्या स्कूल बेमेतरा में विधायक आशीष छाबडा एवं नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू के उपस्थिति में किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनभगीदारी सदस्य अनुराधा पाण्डेय, पार्षदगण, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, प्राचार्य शासकीय कन्या शाला एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, शिक्षक, शहरी क्षेत्र बेमेतरा की मितानिन दीदी एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

विधायक द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए कृमि नाशक दवा क्यो आवश्यक है, इसके बारे में जानकारी देते हुए सभी लक्षियत उम्र के छात्र व छात्राओं को दवा सेवन अवश्य किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। इसी तारतम्य में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला साहू द्वारा उपस्थित सभी छात्राओं को कृमि नाशक दवा के सेवन व उसके लाभ के संबंध में बच्चों को जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दिन जिले के समस्त 1 से 19 वर्ष के बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेन्डाजॉल की गोली मितानिन दीदी एवं आंगनबाडी कार्यकर्तओं के द्वारा गृह भ्रमण कर खिलाई जायेगी। कृमि नाशक दवा खिलाने के लिए समुदाय स्तर के साथ साथ समस्त विद्यालय, निजी/शासकीय, तकनिकि शिक्षण संस्थान, जो कि वर्तमान में संचालित हो रहे है, वहां छात्र एवं छात्राओं को कृमि नाशक दवा की खुराक खिलाई जायेगी। 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली चुरा करके एवं 2 से 19 वर्ष के बच्चों को एक पूरी गोली चूरा करके/चबाकर खाये जाने हेतु वितरित किया जायेगा। बच्चों को दवा खिलाने शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीम बनाई गई है।

सेवा और समर्पण कार्यक्रम के माध्यम से जनता के बीच पहुंचे कार्यकर्ता

बेमेतरा/नवप्रदेश। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन पर 17 सितंबर से सात अक्टूबर तक भाजपा सेवा और समर्पण अभियान चलाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा स्वयं इन सभी सेवा कार्यो की निगरानी करेंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ स्तर पर भाजपा सेवा कार्य करने जा रही है। इन कार्यक्रमों के लिए प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं।

सेवा और समर्पण अभियान के जिला प्रभारी महामंत्री नरेन्द्र वर्मा एवं होरिलाल सिन्हा है। वहीं बूथ स्तर की गतिविधियों के प्रभारी जिला महामंत्री विकास धर दीवान व दयावंत धर बांधे, दीपेश साहू व घनश्याम ताम्रकार, स्वास्थ्य गतिविधियों के प्रभारी विकास घरडे व परमेश्वर वर्मा, राहुल टिकरिहा व अजय तिवारी, प्रचार गतिविधियों के प्रभारी रोहित माहेश्वरी व निशा चौबे, मीडिया गतिविधियों के प्रभारी मूलचंद शर्मा व शुभम दुबे, शोशल मीडिया गतिविधियों के प्रभारी विजय सुखवानी व धर्मराज खांडे को बनाया गया है। 25 सितम्बर पं दीनदयाल उपाध्याय जयंती के प्रभारी विजय सेवा और समर्पण कार्यक्रम के माध्यम से जनता के बीच पहुंच जनता की सेवा का प्रयास रहेगा।

यूको बैंक कार्यालय में हिंदी दिवस समारोह व राजभाषा संगोष्ठी का किया गया आयोजन

रायपुर। आज यूको बैंक, अंचल कार्यालय,रायपुर में उमंग व उत्साह के साथ हर्षोल्लास तथा सुरुचिपूर्ण वातावरण में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में यूको बैंक के स्टाफसदस्यों ने भाग लिया ।

हिंदी दिवस समारोह का शुभ उद्घाटन अंचल प्रमुख श्री सत्य रंजन पण्डा व अन्य कार्यपालकों ने दीप प्रज्वलित कर किया । श्रीमती सुरभि चटर्जी ने गणपति वंदना से कार्यक्रम को पावनता प्रदान किया ।

मुख्य प्रबंधक श्री प्रणव कुमार पाणिग्राही ने बैंक में राजभाषा प्रयोग के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बैंक के राजभाषा मिशन से सभी को अवगत कराया । श्री टी.एन. बर्णवाल , उप अंचल प्रमुख ने माननीय गृह मंत्रीजी , भारत सरकार के हिंदी संदेश का पाठ किया तो श्री गौरव सहगल , मुख्य प्रबंधक ने बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी के हिंदी संदेश का पाठ किया। अंचल प्रमुख श्री सत्य रंजन पण्डा के साथ ङ्क साथ सभी स्टाफ सदस्यों ने हिंदी में कार्य करने की प्रतिज्ञा ली एवं इसके निरंतर प्रयोग का संकल्प दुहराया ।

इसके बाद आज के समारोह के मुख्य आकर्षण के रुप में ' आजादी का अमृत महोत्सव - राजभाषा की महत्वपूर्ण यात्रा' विषय पर राजभाषा संगोष्ठी आरम्भ हुई ।

विषय का प्रवर्तन करते हुए श्री सुभाष चंद्र साह, मुख्य प्रबंधक (राजभाषा) ने कहा कि आजादी के बाद जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हिंदी का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है । हम संविधान का आदर करते हुए दिल से हिंदी का प्रयोग इस तरह करें कि यह हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन जाए । इस संगोष्ठी में अनेक वक्ताओं ने खुलकर अपने विचार रखे ।

मुख्यमंत्री आज नंदिनी और अहिवारा में देंगे विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज दुर्ग जिले के नंदिनी और अहिवारा में 9 करोड़ रूपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे।

मुख्यमंत्री के निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा 11.35 बजे प्रस्थान कर दुर्ग जिले के नंदिनी माईंस पहुंचेंगे। जहां वे दोपहर 12 बजे जन वन वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल इसके बाद हेलीकॉप्टर द्वारा अहिवारा के लिए प्रस्थान करेंगे और 12.45 बजे अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बानबरद पहुंचेंगे। श्री बघेल अहिवारा के नवीन शासकीय महाविद्यालय ग्राउण्ड बानबरद में 4.60 की लागत से शासकीय नागरिक कल्याण महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन तथा विभिन्न विकास कार्यों की लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर 1.50 बजे अहिवारा में 1.30 करोड़ की लागत के नवीन विश्राम गृह का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रमों की अध्यक्षता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूदकुमार करेंगे। गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर और उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल नंदिनी और अहिवारा के कार्यक्रम के पश्चात अपरान्ह 2.40 बजे अहिवारा से प्रस्थान

बाढ़ में फंसे लोगों को किया जा रहा है सफलतापूर्वक रेस्क्यू

